दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर | 2 | अभिव्यक्ति | 3 | आंचलिक | 6 | खेल/मनोरंजन/बिजनेस | 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.MPHIN/2020/81503 जबलपुर, रविवार 9 जुलाई 2023, कृष्ण पक्ष षष्ठी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-3 अंक-229, पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए जबलपुर, भोपाल, रायपुर, बिलासपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

लंबी लंबी छोड़ने के मामले में तो लालू जी का कोई मुकाबला ही नहीं कर सकता। जो विपक्षी गठबंधन अभी तक सही ढंग से आकार नहीं ले पाया है उसके बारे में उन्होंने दावा कर दिया है। कि हम सब मिलकर तीन सौ से ज्यादा सीटें जीतेंगे और केन्द्र से भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकेगें। गनीमत है कि उन्होंने यह नहीं कहा कि विपक्षी गठबंधन पांच सौ से ज्यादा सीटें जीतेगा। बहरहाल लालू के दावे पर सटीक बैठता है ये शेर- सब को मामूल है जन्नत की हकीकत लेकिन ऐ गालिब दिल को बहलाने के लिए यह ख्याल अच्छा है।

खेतों में पहुंचे राहुल, बुआई की, ट्रैक्टर भी चलाया

चंडीगढ़ (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार सुबह अचानक हरियाणा के सोनीपत में रुके। यहां उन्होंने किसानों के साथ खेतों में धान की रोपाई की। उन्होंने ट्रैक्टर चलाकर खेत की जुताई भी की। इस दौरान किसानों और खेत मजदूरों के साथ खेती-किसानी पर बातचीत भी की। राहुल ने किसानों के साथ ही बैठकर नाश्ता भी किया। राहुल गांधी दिल्ली से शिमला जा रहे थे। वे जीटी रोड पर कुंडली बॉर्डर **शेष पृष्ठ 7 पर**

किसी को नहीं थी रुकने की सूचना

राहुल के सोनीपत खेत में रुकने का पता चलते ही बरोदा से कांग्रेस विधायक इंदूराज नरवाल और गोहाना के विधायक जगबीर मलिक भी वहां पहुंचे। नरवाल ने कहा कि उनके पास राहुल के आने की सूचना नहीं थी, लेकिन जैसे ही ग्रामीणों से उनको इस बारे में पता चला तो वे मिलने पहुंच गए। गोहाना से कांग्रेस विधायक जगबीर मलिक ने कहा कि इलाके का सौभाग्य है कि राहुल गांधी यहां पहुंचे हैं। वह यह देख रहे हैं कि एक गांवों में खेती का क्या तरीका है। किसान किस तरीके से धान लगाता है। इसमें उन्हें क्या परेशानियां आ रही हैं।

ट्रक की सवारी फिर गए गैरेज

राहुल गांधी का अचानक हरियाणा में इस तरह से चौंकाने वाला फैसला पहली बार नहीं है। एक महीने पहले भी वह दिल्ली से शिमला जा रहे थे। इस दौरान उन्होंने अंबाला में काफिला रुकवाया। यहां से वे एक ट्रक में सवार होकर चंडीगढ़ तक गए। इस दौरान राहुल गांधी ने रास्ते में ट्रक ड्राइवर से बात की। वहीं 15 दिन पहले वे दिल्ली के एक बाइक गैरेज में पहुंच गए। जहां उन्होंने बाइक रिपेयरिंग का काम देखा व सीखा।

महिलाओं, युवाओं, किसानों के जीवन में खुशहाली लाना हमारा मकसद : सीएम चौहान

15 अगस्त तक एक लाख सरकारी पदों पर हो जायेगी भर्ती

21 वर्ष की बहनों और ट्रेक्टर वाले परिवार को भी लाड़ली बहना योजना में भी शामिल किया जायेगा

134 करोड़ से अधिक के निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

गुना जिले के राघौगढ़ में हुआ मुख्यमंत्री लाड़ली बहना सम्मेलन

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि महिलाओं, युवाओं और किसानों के जीवन में खुशहाली लाना ही हमारा मकसद है। लाड़ली बहना योजना में धीर-धीरे बहनों को एक हजार रूपए से बढ़ाकर तीन हजार रूपए तक की राशि हर माह उपलब्ध कराई जायेगी। प्रदेश में 15 अगस्त तक एक लाख लोगों को शासकीय नौकरी में भर्ती किया जायेगा। इसके बाद और 50 हजार युवाओं को शासकीय नौकरी उपलब्ध कराई जायेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शनिवार को गुना जिले के राघौगढ़ में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना सम्मेलन में यह बात कही। कार्यक्रम में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं गुना जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया, सहित जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें शामिल हुईं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान एवं केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया की उपस्थिति में 134 करोड़ 12 लाख के विकास **शेष पृष्ठ 7 पर**

कांग्रेस का मतलब लूट की दुकान, झूठ का बाजार : मोदी

बीकानेर। पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बीकानेर के नौरंगदेसर गांव में कहा- यहां की बात देश में कही भी सुने मुंह में पानी आ जाता है। यहां के रसगुल्ले की मिठास पूरी दुनिया में फेमस है। मुझे सावन के महीने में आने का सौभाग्य मिला है। इंद्रदेव का आशीर्वाद हम पर बना हुआ है। यह पावन धरा मां करणी की धरती है। सांख्य दर्शन के प्रणेता भगवान कपिल की तपोभूमि है। उन्होंने सभा में कहा- यहां मौजूद भीड़ का उत्साह बताता है कि राजस्थान में मौसम का पारा ही नहीं चढ़ा है, बल्कि कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनता का पारा भी चढ़ चुका है। जब जनता का पारा चढ़ता है तो सत्ता की गर्मी चढ़ते और उतरते भी वक्त नहीं लगता है। मोदी ने कहा- हम दिल्ली से योजनाओं का पैसा भेजते हैं, यहां कांग्रेस का पंजा झपट्टा मार देता है। कांग्रेस सरकार ने चार साल में राजस्थान का बहुत नुकसान किया है और ये बात कांग्रेस के नेता भी अच्छी तरह जानते हैं। मुझे पता चला है कि कुछ मंत्री-विधायक तो अभी से अपने सरकारी बंगले खाली करके अपने खुद के घरों में शिफ्ट होने लगे हैं। अपनी हार पर इतना भरोसा सिर्फ **शेष पृष्ठ 7 पर**

सड़क हादसे में चार की मौत, पांच घायल

आदिलाबाद । तेलंगाना के आदिलाबाद जिले के गुडीहतनूर मंडल के कालागंडी गांव में शनिवार सुबह एक अज्ञात वाहन के ऑटोरिक्शा से टकरा जाने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और अन्य पांच घायल हो गए। पुलिस के अनुसार दुर्घटना के समय ऑटोरिक्शा शांतिनगर से 10 यात्रियों को लेकर इचोदा से आदिलाबाद जा रहा था। घायल पीड़ितों को चिकित्सा उपचार के लिए तुरंत आदिलाबाद के रिम्स अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

तालाब में डूबने से पांच बच्चों की मौत

रायबरेली । उत्तर प्रदेश में रायबरेली जिले के गदागंज इलाके में शनिवार सुबह पांच बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गयी।

पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि बांसी रिहायक गांव निवासी आठ बच्चे तालाब में नहाने गए थे। तालाब गहरा व उसकी मिट्टी दलदली होने के कारण सभी बच?चे डूबने लगे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़ पड़े। किसी तरह तीन बच्चों को बचा लिया गया लेकिन पांच बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इस घटना में रितु पुत्री जीतू, सोनम पुत्री सोनू, अमित पुत्र सोनू, वैशाली पुत्री विक्रम, रूपाली पुत्री विक्रम तालाब में डूबने से मौत हो गई। सभी मृतको की उम्र सात से 12 वर्ष के बीच की बताई जा रही है। घटना के दौरान बच्चों के परिजन अपने अपने कार्यो में व्यस्त थे।

ट्रेनों के एसी चेयर कार का किराया 25 फीसदी तक घटेगा

नई दिल्ली । रेलवे बोर्ड ने वंदे भारत समेत ट्रेनों के एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव क्लास में सफ र करने वालों को बड़ी राहत देने की बात कही है। बोर्ड ने कहा है कि वंदे भारत सहित सभी ट्रेनों के एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव क्लास के किराए में 25 प्रतिशत तक की कटौती की जाएगी। रेलवे बोर्ड ने जोनों से उन ट्रेनों में रियायती किराया योजना शुरू करने को कहा है जिनमें पिछले 30 दिनों में यात्रियों की संख्या 50 प्रतिशत से कम रही है। रेलवे बोर्ड ने एक आदेश में कहा है कि वंदे भारत, अनुभूति व विस्टाडोम बोगियों वाली सभी ट्रेन में एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव श्रेणी के किराये में यात्रियों की संख्या के आधार पर 25 फ ीसदी तक की कटौती की जाएगी। आदेश के अनुसार, किराये में रियायत परिवहन के प्रतिस्पर्धी माध्यमों के किराये पर भी निर्भर करेगी। रेल सेवाओं के अधिकतम इस्तेमाल को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने रेलवे के अलग-अलग मंडलों के प्रधान **शेष पृष्ठ 7 पर**

आदित्य ठाकरे का दावा, सीएम शिंदे से मांगा गया इस्तीफा

मुंबई । महाराष्ट्र में सियासी उठापटक के बीच हर दिन कुछ नया देखने को जरूर मिल रहा है। एनसीपी नेता अजीत पवार की बगावत के बाद राज्य की सियासत में उठापटक का दौर जारी है। इसी बीच अब यूबीटी के नेता आदित्य ठाकरे ने सीएम एकनाथ को लेकर बड़ा दावा किया है कि शिंदे से सीएम पद से इस्तीफा देने को कहा गया है। आदित्य ठाकरे का बयान उस समय आया है जब यह माना जा रहा है कि एनसीपी के नेता अजीत पवार के महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने से शिंदे खेमे में हलचल है उन्हें लग रहा है कि बीजेपी की तरफ से उन्हें दरकिनार करने की कोशिश की जाएगी। इस तरह की खबरें मीड़िया में भी सामने आई हैं। आदित्य ठाकरे ने कहा कि 'मैंने सुना है कि सीएम (एकनाथ शिंदे) को इस्तीफा देने के लिए कहा गया है और इस वजह से महाराष्ट्र सरकार ठ्ठ **शेष पृष्ठ 7 पर**

केजरीवाल ने व्यक्तिगत काम के लिए सैकड़ों भर्तियां की : भाजपा

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी(आप) के मुखिया एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर शनिवार को आरोप लगाया कि उन्होंने पार्टी और व्यक्तिगत काम के लिए सैकड़ों लोगों की भर्ती की और सरकारी खजाने से उनका खजाना भरा। भाजपा सांसद एवं प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारतीय राजनीति में कट्टर ईमानदार के नित नए किरदार उभर कर सामने आ रहे हैं। पहले शराब के कारोबार में उनका किरदार दिखा, फि र बिजली के व्यापार में और उसके **शेष पृष्ठ 7 पर**

एशियाई खेलों में महिला और पुरुष टीम भेजेगी बीसीसीआई

मुंबई । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने चीन के हांग्झोउ में सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों के लिये महिला और पुरुष टीम भेजने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने शीर्ष परिषद की बैठक के बाद शनिवार को इसकी घोषणा की। बीसीसीआई की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि विश्व कप 2023 में हिस्सा न लेने वाले खिलाड़ी एशिया कप के लिये चुने जा सकेंगे। एशिया कप का आयोजन 23 सितंबर से आठ अक्टूबर के बीच होना है, जबकि विश्व कप पांच अक्टूबर को शुरू हो जायेगा। इस बीच, बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा कि बोर्ड संन्यास ले चुके खिलाड़ियों सहित सभी भारतीय क्रिकेटरों के लिये अन्य टी20 लीगों में भाग **शेष पृष्ठ 7 पर**

बंगाल पंचायत चुनाव में हिंसा, 15 की मौत

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की 73,887 ग्राम पंचायत सीटों में से 64,874 पर मतदान खत्म हो गया है। बाकी 9,013 सीटों पर उम्मीदवारों को निर्विरोध चुन लिया गया था। निर्विरोध चुने जाने वाले उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा 8,874 तृणमूल कांग्रेस से हैं। 3 बजे तक 51 प्रतिशत मतदान हुआ है। खत्म होने के बाद का आंकड़ा अभी तक नहीं आया है। चुनाव के नतीजे 11 जुलाई को आएंगे। सेंट्रल फोर्सेस की तैनाती के बाद भी अलग-अलग इलाकों से हिंसा की खबरें आईं। कई इलाकों से बूथ लूटने, बैलेट पेपर फ ाड़ने, बैलेट पेपर में आग लगाने की घटनाएं देखी गईं। कूच बिहार के माथभंगा-1 ब्लॉक के हजराहाट गांव में एक युवक बैलेट बॉक्स लेकर भाग गया। साउथ 24 परगना के भांगड़ ब्लॉक के जमीरगाछी में इंडियन सेक्यूलर फ्रंट (आईएसएफ) और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। यहां गांव के लोगों ने बताया कि टीएमसी के लोग थैले में भरकर बम लाए थे। टीएमसी कार्यकर्ता गांव के लोगों को डराकर वोट डलवा रहे थे। उन्होंने इतने बम फेंके कि 2 घंटे तक पोलिंग रुकी रही। कुछ बम मीडियो वालों की तरफ भी फेंके। फि लहाल यहां सेंट्रल फोर्स तैनात है। पिछले 24 घंटों में चुनावी हिंसा में छह जिलों में 15 लोगों के मरने की खबर है। मरने वालों में आठ टीएमसी कार्यकर्ता, तीन सीपीआई कार्यकर्ता, ठ्ठ **शेष पृष्ठ 7 पर**

अमेरिका में भारतीय दूतावास पर हमले की जांच करेगी एनआईए

जालंधर । अमेरिका में भारतीय दूतावास में पिछले दिनों हमला कर लगाई गई आग की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) करेगी। भारत से राष्ट्रीय जांच एजेंसी के 5 सदस्यों की टीम अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में जांच के लिए जाएगी। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि एजेंसी के सदस्यों को अमेरिका में भेजने की सारी कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है और टीम 17 जुलाई को रवाना हो सकती है। खालिस्तानी समर्थकों ने आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के कनाडा में मारे जाने के विरोध में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय दूतावास में 1 जुलाई की रात को हमला कर आग लगा दी थी। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ था, ठ्ठ **शेष पृष्ठ 7 पर**

मध्यप्रदेश मानसून अपडेट, 15 जिलों में बारिश: 26 में अलर्ट

अरब सागर के ऊपर बना स्ट्रॉन्ग सिस्टम 48 घंटे तक रहेगा एक्टिव

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश में शनिवार को भी बारिश का दौर जारी रहा। इस दौरान 15 से ज्यादा जिलों में पानी गिरा। बालाघाट जिले के मलाजखंड में 28 मिमी यानी 1 इंच से ज्यादा बारिश हो गई। इसी तरह दमोह में 23 मिमी, गुना में 7 मिमी, उज्जैन में 6 मिमी, छिंदवा?ा में 6 मिमी, उमरिया में 5 मिमी, मंडला में 4 मिमी और नौगांव में 4 मिमी बारिश हुई।

सागर में दिनभर बादलों की आवाजाही रही। कुछ जगह बूंदाबांदी हुई। ग्वालियर में धूप-छांव का सिलसिला चलता रहा। दिन में करीब 10 मिनट के लिए रिमझिम पानी गिरा। इसके बाद मौसम सामान्य हो गया। खंडवा में कुछ देर झमाझम बारिश हुई। इसके बाद मौसम साफ हो गया। जबलपुर, खजुराहो, पचम?ी, सीधी, सिवनी, ग्वालियर, भोपाल और सतना जिले में भी बारिश हुई। इसके चलते दिन के तापमान में हल्की गिरावट हुई है। छिंदवा?ा में भी सुबह से रुक-रुक पानी गिर रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, जबलपुर-नरसिंहपुर समेत 26 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। अनूपपुर, रतलाम और उज्जैन में अति भारी बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि अरब सागर के ऊपर बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने से प्रदेश में तेज बारिश हो रही है। अगले 48 घंटे सिस्टम एक्टिव रहेगा।

प्रदेश में पिछले साल के मुकाबले इस बार 8त्न बारिश ज्यादा हो चुकी है। अब तक एवरेज 8.1 इंच बारिश हो चुकी है, जबकि पिछले साल यह 7.5 इंच हुई थी। इस साल मानसून

24 जून को आ गया था। भोपाल= दो दिन से बारिश हो रही है। बैरसिया, कोलार, बैराग? इलाकों में तेज बारिश होने का अनुमान है।

इंदौर= हल्की से तेज बारिश हो सकती है। संभाग के बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, ब?वानी, अलीराजपुर, झाबुआ में भी बारिश का अनुमान है।

जबलपुर= 4.50 इंच तक पानी गिर सकता है। संभाग और जिले के कई स्थानों पर भी बारिश का दौर रहेगा।

ग्वालियर= यहां पिछले तीन-चार दिन से हल्की बारिश का दौर जारी है। संभाग में तेज बारिश हो सकती है।

उज्जैन = हल्की बारिश का दौर जारी रहेगा। 10 जुलाई के बाद तेज बारिश हो सकती है।

सेंधवा में बारिश थमने के बाद छाई धुंध मानसून के चलते बारिश का दौर जारी है। कही तेज तो कही रिमझिम बारिश हो रही है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में गुरुवार को हुई इस सीजन की पहली तेज बारिश के बाद नदी नाले उफान कर रहे। तेज बारिश के बाद शुक्रवार से मौसम में बदलाव हुआ है। शनिवार सुबह धुंध छाई नजर आई।

जान हथेली पर रखकर नदी पार कर रहे ग्रामीण

बालाघाट में मनकुंवर नदी पर बना पुल टूटने के बाद भी लोग जान हथेली पर रखकर नदी पार कर रहे हैं। पुल बालाघाट से नैनपुर को जोड़ता है, जो पिछले साल टूट गया था। इसके बाद डायवर्जन पुल बनाया गया, लेकिन ये भी पानी में बह गया।

पंचक के साए में सावन का पहला सोमवार

हिंदू धर्म में सावन मास को पवित्र महीना माना जाता है। इस पूरे माह भगवान शिव की पूजा करने का विधान है। सावन मास में पड़ने वाला हर सोमवार भी खास माना जाता है। इस दिन शिव जी की पूजा करने से विशेष फलों की प्राप्ति होती है। इस बार सावन के पहले सोमवार को पंचक का साया है। जानिए सावन का पहला सोमवार कब है। इसके साथ ही मुहूर्त और महत्व।

सावन का पहला सोमवार 2023 कब?

हिंदू पंचांग के अनुसार, श्रावण मास 4 जुलाई 2023 से आरंभ हो गया था, जो 31 अगस्त को समाप्त हो रहा है। इस मास अधिक मास होने के कारण सावन मास पूरे 59 दिन का होगा। इसके साथ ही पूरे 8 सावन सोमवार पड़ रहे हैं। बता दें कि सावन का पहला सोमवार 10 जुलाई 2023 को पड़ रहा है। वहीं आखिरी सावन सोमवार 28 अगस्त 2023 को पड़ रहा है।

सावन के पहले सोमवार में पंचक का साया

सावन मास के पहले सोमवार में पंचक का साया रहेगा। दरअसल, 6 जुलाई 2023 को दोपहर 01 बजकर 38 मिनट से पंचक शुरू हुए थे, जो 10 जुलाई, सोमवार को शाम 6 बजकर 59 मिनट पर समाप्त हो रहे हैं। ऐसे में पूरे दिन पंचक का साया रहेगा। ज्योतिषचार्यों के अनुसार, ये पंचक गुरुवार के दिन से शुरू होने के कारण हानिकारक नहीं है। इसलिए बिना किसी असंजस के पूजा-अर्चना कर सकते है।

सावन के पहले सोमवार का शुभ मुहूर्त

सावन सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजा करने के साथ अभिषेक करना अच्छा माना जाता है। इसके साथ ही रुद्राभिषेक करने से हर समस्या दूर हो जाती है। सावन के पहले को सुबह के साथ-साथ शाम के समय पूजा करना लाभकारी हो सकता है। इस दिन शिव पूजा का शुभ मुहूर्त शाम को 5 बजकर 38 मिनट से 7 बजकर 22 मिनट तक है।

आप सही विधि से चढ़ाते हैं शिवलिंग में जल? भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए जानें सही तरीका

- सावन सोमवार 2023 की तिथियां
- सावन का पहला सोमवार: 10 जुलाई
- सावन का दूसरा सोमवार: 17 जुलाई
- सावन का तीसरा सोमवार: 24 जुलाई
- सावन का चौथा सोमवार: 31 जुलाई
- सावन का पांचवा सोमवार: 07 अगस्त
- सावन का छठा सोमवार:14 अगस्त
- सावन का सातवां सोमवार: 21 अगस्त
- सावन का आठवां सोमवार: 28 अगस्त

सावन सोमवार का महत्व

इस साल सावन मास का विशेष महत्व है। क्योंकि इस बार अधिक मास के कारण सावन माह पूरे 2 मास का है। जहां सावन मास में भगवान शिव की पूजा की जाती है। वहीं, अधिक मास भगवान विष्णु से संबंधित है। ऐसे में सावन में दोनों देवताओं का पूजा करने का फल प्राप्त होगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जिन लोगों की शादी होने में किसी न किसी तरह की अड़चन आ रही है, तो सावन सोमवार का व्रत रखना लाभकारी सिद्ध हो सकता है। इसके साथ ही वैवाहिक जीवन में खुशियां ही खुशियां आती है।

सावन के पहले सोमवार को शिवलिंग में चढ़ाएं ये खास चीज

शिव-पार्वती की होगी कृपा कभी नहीं होगी धन की कमी

भगवान शिव का अत्यंत प्रिय माह सावन माह चल रहा है। सावन माह के हर एक सोमवार का विशेष महत्व है, जिसे सावन सोमवार कहा जाता है। इस साल के सावन सोमवार काफी खास है, क्योंकि अधिक मास होने के कारण पूरे 8 पड़ रहे हैं। ऐसे में भगवान शिव की पूजा के लिए अधिक दिन मिलेंगे।

सावन सोमवार के दिन भगवान शिव को विशेष पूजा करने का विधान है। इसके साथ ही भक्तगण भगवान शिव को जल, दूध, शहद, भस्म, बेलपत्र, आक के फूल, धतूरा जैसी कई शुभ चीजें अर्पित करती है। शिव पुराण के अनुसार, भगवान शिव को जल चढ़ाने से वह जल्द प्रसन्न होते हैं। ऐसे में उन्हें जल चढ़ाते समय उपाय करने से वह जल्द प्रसन्न होते हैं।

दो पात्र से चढ़ाएं शिवलिंग में जल

शिव पुराण के अनुसार, सावन माह में भगवान शिव के ऊपर काफी भार बढ़ जाता है। ऐसे में में मां पार्वती के साथ मां गंगा दोनों भार संभालती है। इसलिए सावन सोमवार के दिन कांसे, तांबे या फिर चांदी के दो लोटे में जल भर लें। अगर दो लोटे नहीं है, तो आप एक पात्र के ऊपर कटोरी भी रख सकते हैं। लेकिन दो पात्र होना जरूरी है। इसके बाद दोनों से एक साथ शिवलिंग में जल अर्पित करें। माना जाता है कि ऐसा करने से भगवान शिव अति प्रसन्न होते हैं और अपने भक्त की हर समस्या को हर लेते हैं और धन-धान्य, खुशहाली, सौभाग्य का आशीर्वाद देते हैं।

जल में मिलाएं गन्ने का रस

अगर किसी व्यक्ति की कोई मनोकामना है, तो सावन सोमवार के दिन एक लोटा जल में कुछ बूंदे गन्ने के रस की डाल लें। इसके बाद शिव मंदिर जाकर शिवलिंग के सामने उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठ जाएं। इसके बाद धीरे-धीरे जल अर्पित करें और 'ऊं नमः शिवाय' मंत्र का जाप करें और अंत में दोनों हाथों को जोड़कर अपनी मनोकामना कह दें। माना जाता है कि ऐसा करने से भगवान शिव अति प्रसन्न होते हैं और व्यक्ति की मनचाही मुराद पूरी कर देते हैं।

क्या आप सही विधि से चढ़ाते हैं शिवलिंग में जल?

भगवान शिव का प्रिय माह सावन चल रहा है। इस साल अधिक मास होने के कारण सावन मास पूरे दो माह पड़ रही है। सावन मास के दौरान भक्तगण भगवान शिव की विधिवत पूजा करने के साथ-साथ अभिषेक करते हैं। आमतौर पर भगवान शिव को जल चढ़ाने के लिए बिल्कुल उनके शीश में चढ़ाते हैं। ज्योतिषों के अनुसार, यह तरीका बिल्कुल सही तरीका नहीं है। जानिए भगवान शिव को किस तरह चढ़ाएं जल। कहा जाता है कि भगवान शिव को जल अति प्रिय है। उन्हें जल चढ़ाने मात्र से वह प्रसन्न हो जाते हैं और अपने भक्तों की हर एक मनोकामना को पूरा कर देते हैं। जानिए प्रसिद्ध पंडित जगन्नाथ गुरुजी से कैसे शिवलिंग में चढ़ाएं जल।

खड़े होकर शिवलिंग में चढ़ाएं जल?

जगन्नाथ गुरु जी के अनुसार, शिवलिंग में जल चढ़ाते समय इस बात का ध्यान रखें कि आपका मुख किस ओर है। कभी भी पूर्व दिशा की ओर मुख करके जल नहीं चढ़ाना चाहिए, क्योंकि यह दिशा भगवान शिव का मुख्य प्रवेश द्वार है। ऐसे में इस दिशा में मुख करके जल चढ़ाने से रास्ते में अवरोध आता है। इसलिए हमेशा उत्तर दिशा की ओर मुख करके ही जल चढ़ाना चाहिए। क्योंकि इस दिशा को भगवान शिव का बाया अंग माना जाता है, जो मां पार्वती को समर्पित है।

इस विधि से शिवलिंग में चढ़ाएं जल

- शिव पुराण के अनुसार, भगवान शिव को जल चढ़ाते समय कुछ नियमों का ध्यान जरूर रखना चाहिए। इसलिए कभी भी जल चढ़ाते समय तेज दारा न अर्पित करें, बल्कि धीरे-धीरे चढ़ाएं और शिव मंत्र का जाप करते रहें।

- तांबे, कांसे या फिर चांदी के पात्र में जल लेकर सबसे पहले जलहरी के दाईं ओर चढ़ाएं, जो गणेश जी का स्थान माना जाता है। जल चढ़ाते समय गणेश मंत्र को बोले।

विचार

सेहत को मिलेंगे ढेरों फायदे

टमाटर हर इंडियन किचन का अनिवार्य हिस्सा है. इसके बिना सब्जी, सलाद अधूरी है. भारत में टमाटर की कीमतें 100-120 रुपये प्रति किलो से भी ऊपर पहुंच गई हैं. ऐसे में जो लोग टमाटर को खाना पसंद करते हैं, उनरी जेब पर टमाटर भारी पड़ सकते हैं. अगर आप भी उन लोगों में से हैं जो टमाटर खाना पसंद करते हैं लेकिन बढ़े हुए दामों के कारण खरीदने के बारे में सोचना पड़ रहा है? फेमस शेफ संजीव कपूर ने टमाटर के कुछ अल्टरनेटिव्स बताए हैं जिन्हें आप टमाटर की जगह खाना बनाने में शामिल कर सकते हैं. इनसे आपको ढेरों फायदे भी मिलेंगे. कई लोगों को कद्दू पसंद नहीं होता लेकिन वह विटामिन-मिनरल्स से भरपूर होता है. बीटा कैरोटीन के अलावा, कद्दू में विटामिन सी, विटामिन ई, आयरन और फोलेट भी पाया जाता है. ये सभी आपकी इम्यूनिटी को मजबूत करते हैं. कद्दू टमाटर की जगह प्रयोग में लाया जाने वाला सबसे अच्छा विकल्प है. उसे प्यूरी के रूप में भी उपयोग कर सकते हैं. कच्चू के छोटे पीस काटकर भून लें और फिर टमाटर जैसा तीखापन लाने के लिए उसमें सिरका और लाल रंग लाने के लिए भुनी हुई/कच्ची लाल शिमला मिर्च डालें और उसे पीस लें. टमाटर जैसी प्यूरी हाजिर है। इमली मैग्नीशियम और कैल्शियम का काफी अच्छा सोर्स है. ये दो मिनरल्स का कॉम्बिनेशन ऑस्टियोपोरोसिस और हड्डी के फ्रैक्चर को रोकने में मदद कर सकते हैं. कैल्शियम का उपयोग करने के लिए शरीर को विटामिन डी की आवश्यकता होती है जो धूप से ले सकते हैं. रोजाना दही खाने का फायदा यह है कि यह कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने, हाई ब्लड प्रेशर को कम करने और वजन कम करने में भी मदद करता है. एक्सपर्ट के मुताबिक यह प्री-बायोटिक्स का सबसे अच्छा ऑपशंस होता है।

आज का पंचांग (रविवार 9 जुलाई)

सूर्योदयः 05:42, सूर्यास्तः 07:20, चन्द्रोदयः23:19, चन्द्रास्तः10:33, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः ?? 2080 (पिंगल), मास श्रावण, पक्ष कृष्ण, तिथि सप्तमी, नक्षत्र उत्तराभाद्रपद, योग सौभाग्य (17:23 से शोभन), प्रथम करण गर (11:00 तक), द्वितीय करण वणिज (21:51 तक),

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य मिथुन, चंद्र मीन (14:57 से), मंगल सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध कर्क (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र सिंह (उदित, पश्चिम), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु मेष, केतु तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:54 से 12:50, अमृत काल 13:09 से 14:38, रवियोग 20:36 से 05:22, विजय मुहूर्त 14:42 से 15:38, गोधूलि मुहूर्त 19:20 से 19:40, सायाह्न सन्ध्या 19:22 से 20:22, निशिता मुहूर्त 00:02 से 00:42, राहुकाल 16:30 से 18:00, राहुवास पूर्व, यमगण्ड 14:07 से 15:52, होमाहुति गुरु, दिशाशूल पूर्व, नक्षत्र शूल दक्षिण (20:36 तक), अग्निवास आकाश, भद्रावास मृत्यु (21:51 से), चन्द्र वास पश्चिम (उत्तर 14:58 से), शिववास भोजन में (21:51 से श्मशान में)।

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1- काल, 2-शुभ, 3-रोग, 4-उद्वेग, 5-चर, 6-लाभ, 7-अमृत, 8-काल

॥ रात्रि का चौघड़िया ॥

1 - लाभ, 2 - उद्वेग, 3 - शुभ, 4 - अमृत, 5 - चर, 6 - रोग, 7 - काल, 8 - लाभ।

नोट- दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशा

उत्तर-पश्चिम (वाय विन्डिंग अथवा तिल मिश्रित चावल का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के प्रथम , द्वितीय , तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (दू, थ , झ, ञ) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

मिथुन - 03:50 से 06:05
कर्क - 06:05 से 08:27
सिंह - 08:27 से 10:46
कन्या - 10:46 से 13:04
तुला - 13:04 से 15:24
वृश्चिक - 15:24 से 17:44
धनु - 17:44 से 19:47
मकर - 19:47 से 21:28
कुम्भ - 21:28 से 22:54
मीन - 22:54 से 00:18
मेष - 00:18 से 01:52
वृषभ - 01:52 से 03:46

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मुझे याद है पिछला सावन देखो

मुझे याद है पिछला सावन देखो कैसा था मनभावन कितने सच्चे दोस्त थे दोनों रिश्ते जो थे इतने पावन। फिर अबके बरसात हुई है मगर नहीं आया वो सावन साथ भले ही खड़े हैं दोनों दृश्य नहीं लेकिन मनभावन।

जे डी कुदाल

घन नभ गरजत, रिमझिम बरसत

घन नभ गरजत, रिमझिम बरसत, अनुपम छवियुत, सब हरित धरा।



तरुवर विकसत, खग-मृग हरषत, हर नद सरवर, पय दिखत भरा। ऋतु अति मनहर, सब विधि सुखकर, तृषित अधर जन, दुख सकल हरा। चपल तड़ित द्युति, चमकत नभ पर, पिय बिनु सखि हिय, नित रहत डरा।।

डॉ. बिपिन पाण्डेय

खास पाती | वक्त की तेज रफ़्तार इतिहास

वक्त की तेज रफ़्तार इतिहास के भीगे रेत अपने कदमो के न जाने कितने निशान छोड़ जाता है। इन निशानियों में से कुछ वक्त की आंधियों के साथ हमेशा के लिए मिट जाते है कुछ एक धुंधली सी यादें एवं परछाई बनकर जिन्दा रहती है। लेकिन कुछ निशान जूझते रहते है इन आँधियों से कभी न मिटने, इस खूबसूरत रुपहली स्वप्निल दुनिया में ताजगी का एहसास लिए? **डॉ दुलारी चन्द्राकर**

धरा को जब भी नभ तक देखता

धरा को जब भी नभ तक देखता हूँ, तेरी तस्वीर तब तक देखता हूँ। किनारों को न अपनाता कोई भी, दरे-मंझधार सब तक देखता हूँ । पहाड़ों की सफाई में लगी वह, पहाड़ों को मैं अब तक देखता हूँ। मिलन की मय का मैं भी हूँ शराबी, हमेशा तेरे लब तक देखता हूँ। खुदा को भूल जाता हूँ मैं दानी,तेरी आंखों में जब तक देखता हूँ। **डॉ संजय दानी**

राहे उल्फत में जब कदम रखना

राहे उल्फ़त में जब कदम रखना। शर्त कोई भी मत सनम रखना। ज़िन्दगी में तो ग़म भी आयेंगे। ठोकरों पर ही सारे गम रखना। कोई मुश्किल ना हावी हो जाए हौसला इतना भी न कम रखना। बाद थकने के अच्छा लगता है। तेरे शानों पे सर सनम रखना। जब भी कोई मिले,अदब से मिले ख़ुद को इस दर्ज़ा मोहतरम रखना जो सुने वो मुरीद हो जाए। अपने लफ्ज़ों में इतना दम रखना। दुख में सुख में सदा चमकती हैं। हम ने सीखा है आंखें नम रखना। उम्र भर बा वफ़ा रहेगा वो। अब इनायत यही भरम रखना।

शोभा किरण

जो बदला जा सके उसे बदलिये

जो बदला जा सके उसे बदलिये। जो बदला ना जा सके उसे स्वीकारिये। जो स्वीकारा न जा सके उससे दूर हो जाइये। लेकिन खुद को खुश रखिये। क्योंकि वह भी एक बड़ी जिम्मेदारी है.. आपका दिन शुभ एवं मंगलमय हो।

कमलकांत डोंगरे

माँ आँखों के पानी जैसी लगती

माँ आँखों के पानी जैसी लगती कुछ-कुछ नानी जैसी खुद को कहती अनपढ़ लेकिन बातें करती ज्ञानी जैसी सौ टाँकों की साड़ी पहने फिर भी लगती रानी जैसी रिश्तों के कोल्हू से जुतकर दिन भर फिरती घानी जैसी। गौ, कुक्कुर या चींटी, चिड़िया सबकी खातिर दानी जैसी चौपाई यों मधुरिम गाए कोयल की ही बानी जैसी शिव जैसे पीती कड़वाहट फिर भी है गुड़धानी जैसी।

आशा पांडे ओझा

चाँद भी होता है गोल जो अनगिनत

चाँद भी होता है गोल जो अनगिनत तारों का प्रेमी है सूरज भी होता है गोल जो हर दम धरा को करता है सराबोर पानी की बूँदें भी होती है गोल जो नवजीवन से सृष्टि को करती है अंकुरित आंखों की पुतलियों के गोल में चाहे अनचाहे भाव छुपे होते हैं मेरी गोल गुलाबी बिंदी में बसा हुआ है सौदर्य का अतिरेक मानो वह बिंदी नहीं पूरे ब्रह्मांड का विस्तार उसमें भरी हुई है संस्कृति और वह प्रतीक है मेरी सम्मान और स्वाभिमान का बिंदी में एक नहीं कई भाव छुपे हुए हैं प्रेम का प्रतीक बनके यह बिंदी उभरती है कभी करती निज समर्पण अनगिनत साँसें समाई हैं इस बिंदी में। **सरिता सैल**

आज का इतिहास

1816: अर्जेंटिना ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की। 1819: सिलाई मशीन के अविष्कारक एलायस हाउ का जन्म। 1875: बंबई स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना। 1925: भारतीय सिनेमा के सबसे सशक्त अभिनेताओं एवं बेहतरीन निदेशकों में शुमार गुरुदत्त का जन्म। 1938: अपने सशक्त अभिनय से हिंदी सिनेमा को समृद्ध बनाने वाले अभिनेता संजीव कुमार का जन्म। 1951: देश में पहली पंचवर्षीय योजना (1951-56) को प्रकाशित किया गया। 1969: वन्यजीव बोर्ड ने शेर को देश का राष्ट्रीय पशु घोषित किया। 1973 में शेर के स्थान पर बाघ को राष्ट्रीय पशु घोषित किया गया। 1973: ब्रिटेन के 300 साल पुराने उपनिवेश बहामास में ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य अस्त हुआ। 1982: तमाम सुरक्षा प्रणालियों को गच्चा देकर माइकल फागन नाम का एक शख्स ब्रिटेन की महारानी एलिज़ाबेथ के शयनकक्ष तक पहुंच गया। 1991: दक्षिण अफ्रीका को ओलंपिक खेलों में दोबारा हिस्सा लेने की अनुमति मिली। 2002: 'आर्गेनाइजेशन आफ़ अफ़्रीकन यूनिटी' का नाम बदलकर 'अफ्रीकन यूनियन' किया गया।

QUIZ TIME

1) वह महासागर कौन-सा है जिसके तल का क्षेत्र सर्वाधिक है?

2) जीवद्रव्य शब्द का पहली बार प्रयोग किसने किया था?

3) किसने विश्व बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप (150-अप) खिताब जीता है?

4) दिल्ली विश्वविद्यालय सेलिब्रेटिंग 100 ग्लोरियस इयर्स नामक पुस्तक के लेखक कौन है?

5) भारतीय चित्रकार और मूर्तिकार का नाम बताइए जिनका हाल ही में निधन हो गया?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) प्रशांत महासागर (2) पुरकिंजे (3) पंकज आडवाणी (4) हरदीप सिंह पुरी (5) करूवत्तु मन वासुदेवन नंबूथिरी

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज का दिन आप आनंद मनोरंजन में बितायेंगे। पूर्व में किये गए प्रयास आज सफल होने से मानसिक शांति मिलेगी।

वृष-आज का दिन आपके लिए सफलता देने वाला रहेगा। कार्य क्षेत्र पर आज कम।समय देंगे फिर भी जितना समय देंगे वह आपके अनुकूल रहेगा।

मिथुन-आज के आप शांति से दिन बिताने की योजना बनाएंगे लेकिन पूरे दिन घरेलु कार्यो में फंसे रहेंगे।

कर्क-आपका आज का दिन भी स्वास्थ्य के लिए हानिकर रहेगा। मौसमी बीमारियों का प्रकोप रहने से शरीर शिथिल रहेगा।

सिंह-आज का दिन कार्य क्षेत्र पर कुछ ज्यादा करने के लिये नही रहेगा फिर भी मध्याह्न का समय महत्त्वपूर्ण निर्णय लेने वाला रहेगा।

कन्या-आपका आज का दिन अत्यन्त खर्चीला रहेगा। आज पारिवारिक आवश्यकताओ की पूर्ति करते-करते धन कम पड़ जाएगा।

तुला-आज का दिन भी आपके लिए अधिक परिश्रम वाला रहेगा। घरेलु कार्यो एवं व्यवसाय के बीच आज तालमेल बैठाना परेशानी भरा रहेगा।

वृश्चिक-आज के दिन भी मन में दुविधा रहेगी। आज मन में संदिग्ध विचार आएंगे।

धनु-आपका आज का दिन लाभदायक रहने वाला है। दिन के आरम्भ में सेहत में उतार-चढ़ाव आ सकते है।

मकर-आज के दिन का अधिकांश समय मिला जुला फल देगा। आर्थिक एवं पारिवारिक कारणों से संतोष रहेगा।

कुंभ- आज का दिन आप के मन के अनुरूप रहेगा। आज दिखावे आडंबर पर अधिक खर्च करेंगे।

मीन-आज का दिन भी आपको अशुभ फलदायक रहेगा। दिन के आरंभ में ही कुछ न कुछ उल्टा होने की भनक लग जायेगी।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -119

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

1		#	2	3	#	4	5	6
	#	7			#	#	8	
9			#	10		11	#	
#	#	12			#	13	14	
15	16		#	#	#	17		#
18		#	19	20			#	21
#	22	23			#	#	#	
#	#		#	#	24	#	25	
26			#	27				

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 118 का हल

वि	ज	य	#	ब	नि	या	#	दे
वा	#	ती	त	र	#	रा	जी	व
ह	मा	म	#	स	प	ना	#	ता
#	न	#	#	#	टा	#	#	#
दा	व	त	#	वि	ना	श	#	अ
य	#	ह	त्या	#	#	ह	र्जा	ना
रा	ह	त	#	न	ज	र	#	व
#	वा	#	#	#	मी	#	ना	श्य
दु	ला	रा	#	जा	न	की	#	क

भाजपा के चुनाव प्रभारियों के रूप में सेनापति तैनात ?

नई तैयारी से चुनाव लड़ाएंगे भाजपा के दो सेनापति

शिवम यादव

भोपाल/नवप्रदेश। मप्र में विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज करते हुए भाजपा ने चुनाव प्रभारियों के रूप में सेनापति तैनात कर दिए हैं। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को मप्र का प्रदेश प्रभारी तो रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को मप्र के सह चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। चुनावी साल में भाजपा हाईकमान ने अपने दो सेनापतियों को मप्र भेजकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को और मजबूत बना दिया है। अब यह चौकड़ी मिलकर प्रदेश में चुनावी रणनीति बनाएगी और जीत का इतिहास रचेगी। भाजपा मप्र के विधानसभा चुनावों में कोई कसर नहीं छोडऩा चाहती। इसी को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विश्वस्त और कई चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने वाले केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को चुनाव प्रभारी बनाया गया है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है, जो निश्चित तौर पर इस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफी करीब हैं। यह दोनों ही नेता चुनावों की दृष्टि से मप्र के नेताओं और केंद्रीय नेताओं के बीच तालमेल बिठाने का काम करेंगे और साथ ही राज्य में जरूरत के मुताबिक संसाधन मुहैया कराएंगे। गौरतलब है कि शिव-वीडी के समन्वय से सत्ता और संगठन मजबूती से काम कर रहे हैं, अब भूपेंद्र यादव और अश्विनी वैष्णव जैसे रणनीतिकारों का साथ उनको मिलेगा।

सत्ता और संगठन का समन्वय मजबूत होगा

मप्र में विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की टीम बन गई है। चुनाव का संचालन करने वाली प्रदेश स्तरीय कमेटियों की घोषणा भी जल्द होगी। इस निर्णय से मप्र का दिल्ली के साथ समन्वय मजबूत होगा। दखलंदाजी और कन्फ्यूजन की स्थिति नहीं रहेगी। प्रदेश से फीडबैक सीधे आलाकमान तक पहुंचेगा। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के अलावा प्रदेश के बाकी बड़े नेताओं के बीच तालमेल भी बनेगा। वैसे तो चुनाव प्रभारी संगठन के कामकाज में बहुत ज्यादा दखल तो नहीं देते, लेकिन यह केंद्रीय नेतृत्व की आंख, कान और नाक का काम करते हैं। भाजपा में राज्य के संगठन स्तर पर प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही संगठन महामंत्री की भूमिका अहम होती है। इन प्रमुख लोगों को केंद्रीय नेतृत्व से अवगत कराना और आवश्यकता के अनुसार उन तक केंद्र का मार्गदर्शन पहुंचाना चुनाव प्रभारी के जिम्मे होता है। मुख्य रूप से राज्य में चुनावी कामकाज के लिए वित्तीय जरूरतों को पूरा करने की बात हो या जमीनी परिस्थितियों के अनुसार किसी बड़े नेता की सभा करने की जरूरत, यह तय करना चुनाव प्रभारी के जिम्मे होता है। इसके अलावा स्थानीय स्तर की गुटबाजी को दूर करने के प्रयास, टिकट वितरण से उपजा असंतोष दूर करने के लिए किए जाने वाले उपाय, केंद्र की गाइडलाइन को अमल में लाने के लिए किए जा रहे प्रयास, सब कुछ चुनाव प्रभारी की देखरेख में होता है।

रणनीति और आईटी का दम

भूपेंद्र यादव जहां चुनावी रणनीति में माहिर माने जाते हैं, वहीं अश्विनी आईटी एक्सपर्ट हैं। वे रिटायर्ड आईएएस अफसर हैं। ये दोनों ही नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वसनीय हैं। इन दोनों नेताओं के प्रभारी बनने से साफ है कि बीजेपी की केंद्रीय टीम मप्र के चुनाव पर सीधे नजर रखेगी। यादव जहां मप्र की परिस्थितियों को लेकर जमीनी जानकारी जुटाएंगे, तो वैष्णव आईटी सेक्टर के अनुभव के आधार पर चुनावी रणनीति बनाएंगे। भाजपा यादव की मदद से ओबीसी वोटर्स को साधेगी। मप्र में ओबीसी वर्ग के 48 फीसदी वोटर्स हैं। 230 में से 60 विधायक ओबीसी वर्ग के हैं। इनमें से 32 सीटों पर भाजपा और 28 सीटों पर कांग्रेस के ओबीसी विधायक काबिज हैं। भूपेन्द्र यादव के चुनाव प्रभारी बनने से ओबीसी वर्ग के वोटर्स खासकर यादव मतदाताओं पर भी असर पड़ेगा। एमपी में करीब 18 से 20 सीटें ऐसी हैं, जहां यादव वोटर निर्णायक भूमिका में हैं। अश्विनी वैष्णव पूर्व आईएएस अधिकारी हैं। वे अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में प्रधानमंत्री कार्यालय में रह चुके हैं और तभी से मोदी से जुड़े हैं। माना जा रहा है कि विधानसभा चुनाव में दोनों की जोड़ी मोदी और शाह के प्रतिनिधि के तौर पर मप्र में रहकर काम करेगी।

चुनावी प्रबंधन पर जोर

भाजपा आम तौर पर विधानसभा चुनावों की घोषणा होने से एक-दो महीने पहले प्रदेश में चुनाव प्रभारी नियुक्त करती है। इस बार चुनावों से चार महीने पहले नियुक्ति कर विपक्षी पार्टियों को चौंका दिया है। यह नियुक्तियां इस लिहाज से महत्वपूर्ण हैं कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को चुनावी प्रबंधन का लंबा-चौड़ा अनुभव है। 2013 से वह यह काम कर रहे हैं। 2013 में उन्होंने राजस्थान के विधानसभा चुनावों में सह-प्रभारी की भूमिका निभाई और उसके बाद तकरीबन हर बड़े राज्य में प्रभावी तरीके से पार्टी को बड़ी सफलता दिलाई है। 2014 में झारखंड में सह-प्रभारी और उसके बाद गुजरात विधानसभा चुनावों में प्रभारी रहे। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भी प्रभारी थे और शिवसेना के साथ तालमेल बिठाकर गठबंधन को स्पष्ट बहुमत के पार ले गए थे। फिर बिहार में 2020 में भी भाजपा ने नीतीश के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और गठबंधन ने जीत हासिल की थी। उस समय भी जीत का सेहरा चुनाव प्रभारी के नाते भूपेंद्र यादव के सिर बंधा था। अब मप्र की बारी है।

इंदौर के 200 यात्री बालटाल-पहलगाम में फंसे

तेज बारिश ने अमरनाथ यात्री रोकी तो इंदौरियों ने पहलगाम में निकाल दिया अखाड़ा

इंदौर/नवप्रदेश। इन दिनों जम्मू कश्मीर में हो रही तेज बारिश के कारण बालटाल और पहलगाम में अमरनाथ जा रहे यात्रियों को रोक दिया गया है। इन दोनों स्थानों पर करीब 20 हजार यात्री फंसे हैं जिनमें से इंदौर के 200 से ज्यादा यात्री हैं। ये सभी यात्री पूरी तरह से सुरक्षित हैं लेकिन तीन दिन से तेज हो रही बारिश के चलते इन्हें बेस कैंप और होटल से बाहर निकलने पर मनाही की गई है। मामले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने बताया कि इस मामले में अभी किसी तरह की कोई जानकारी नहीं मिली है। शनिवार दोपहर बारिश कम हुई तो पहलगाम में पहली बार अखाड़ा निकाला गया।

वर्तमान में इंदौर के जो यात्री वहां फंसे हैं उनमें मल्हारगंज, सुखलिया आदि क्षेत्रों के हैं जो अलग-अलग जत्थों में वहां पहुंचे हैं। इंदौर के धीरज अग्रवाल अभी बालटाल के बेस कैंप में अपने साथियों के साथ है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार से यहां तेज बारिश हो रही है जिससे सभी को बेस कैंप में ठहराया गया है। यहां सभी तरह की व्यवस्था अच्छी है लेकिन अब बारिश कब रूकेगी कुछ कहा नहीं जा सकता। यात्रियों को बारिश रुकने के बाद अनाउंसमैंट का इंतजार है ताकि वे अमरनाथ तक पहुंच सके। बालटाल में सेवादार समीर शर्मा यहां दो माह से सेवा दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी बारिश बिल्कुल भी नहीं थम रही है। इसके चलते कुछ कहना मुश्किल है। दूसरी और पहलगाम और उक्त रोड पर भी काफी तेज बारिश का दौर है। यहां तो गुरुवार से तेज बारिश का दौर है। शनिवार को कुछ देर बारिश थमी लेकिन अभी खराब मौसम के कारण यात्रा होल्ड पर है। मल्हारगंज निवासी करण सागर यहां 100 लोगों के जत्थे के साथ हैं। ये सभी पहलगाम की होटल में रुके हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार तड़के 5 बजे से बारिश शुरू हुई जो लगातार चल रही है। दोपहर को कुछ देर के लिए जरूर कम हुई लेकिन अभी मौसम एक जैसा बना हुआ है। उनके साथ एडवोकेट राकेश पालीवाल भी यहीं फंसे हैं। उन्होंने बताया कि यात्रियों को चंदनवाडी के 16 किमी पहले से ही रिटर्न कर दिया गया था। दरअसल शेष नाग से हो रही बर्फबारी के कारण पहलगाम और चंदनवाड़ी में तेज बारिश हो रही है। यहां कटरा वैष्णवी बैरागी साधु धर्म स्थल में भी कई लोग रुके हैं। पालीवाल ने बताया कि जत्थे में इंदौर से संत सुकलानंद ब्रह्मचारी अग्नि अखाड़े के महाराज और छत्रीबाग आश्रम के महाराज भी जत्थे में हैं। यहां तीन दिन से संत-महात्माओं का तत्काल रजिस्ट्रेशन भी बंद कर दिया गया है। इसे लेकर यात्री खफा हैं। उनका कहना है कि संत-महात्माओं के तत्काल रजिस्ट्रेशन के लिए इस तरह बंद नहीं करना चाहिए। खास बात यह कि शनिवार दोपहर बारिश कम हुई तो पहलगाम में पहली बार अखाड़ा निकाला गया। होटल में ठहरे इंदौर के राकेश पालीवाल ने बताया कि दोपहर को होटल के पास से 100 इंदौरियों का अखाड़ा ढोल-ढमाकों के साथ निकाला गया। यह अखाड़ा इंदौर के रुद्रेश्वर महादेव सेना समिति द्वारा निकाला गया, जो 3 किमी दूर स्थित ममलेश्वर महादेव मंदिर पर खत्म हुआ और लोगों ने दर्शन किए। खास बात यह इसमें पहलगाम के स्थानीय मुस्लिम भाई भी शामिल हुए। वे इंदौरियों द्वारा निकाले गए इस अखाड़े को लेकर काफी उत्साहित नजर आए। इंदौर के 27 लोगों का एक जत्था भी अनंतनाग जिले के गांव धामजन में अटका हुआ है। शनिवार सुबह पुलिया टूटने से रास्ता बंद हो जाने के कारण आगे बड़ने से रोक दिया गया है। सभी लोग वहां स्थानीय लोगों के घरों में शरण लिए हुए हैं। सुखलिया निवासी मनीष उपाध्याय ने मोबाइल फोन पर बताया उनके साथ शेखर दायर, तन्मय नेगी, मनीष पाठक, शिव परमार, कमल नाइक सहित 27 लोग हैं। वे 1 जुलाई को रवाना हुए थे, 4 को पहलगाम से रवाना हुए थे

दलित की बारात में डीजे बजाने से रोका: दबंगों ने एक व्यक्ति का सिर फोड़ा, दोनों पक्षों के 8 लोगों पर केस दर्ज

शाजापुर/नवप्रदेश। शाजापुर में दलित परिवार की बारात में डीजे बजाने की बात को लेकर 2 पक्षों में विवाद हो गया। विवाद की शुरुआत तब हुई जब दंबगों ने दलित परिवार की बारात को डीजे बजाने से रोक दिया। मामला मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र के भंटेडी गांव का है। मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी भारत सिंह किरार ने बताया कि ग्राम डंगीचा निवासी कैलाश चन्द्र अपने भांजे अनिल की बारात लेकर पचेटी जा रहे थे। इसी दौरान बारात भंटेडी गांव से निकली। डीजे पर बाराती नाच रहे थे, तभी दूसरे पक्ष के कुछ लोग वहां पहुंचे और डीजे बजाने से मना किया। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। विवाद में दलित परिवार के धर्मेन्द्र के सिर में चोट आई है। उसकी शिकायत पर पुलिस ने मनोहर सिंह राजपूत, शक्तिपाल राजपूत, बलराम सिंह राजपूत सहित चार लोगों के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया। वहीं, दूसरे पक्ष से बीच-बचाव में आए अजय सिंह राजपूत की शिकायत पर पुलिस ने विनोद पिता शिवलाल, धर्मेन्द्र पिता रमेश चंद्र, देवीलाल पिता कालूराम और गोविंद पिता शिवलाल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

भाजपा का सक्रिय सदस्य ही बेटी के इलाज के लिए पांच साल से भटक रहा, शिवराजसिंह चौहान तत्काल मदद दें: अजयसिंह

थैलीसिमिया पीड़ित आराध्या का जीवन बचाने का मामला

भोपाल/नवप्रदेश। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह ने मेजर थैलीसिमिया बीमारी से पीड़ित सीधी जिले के कमर्जी गाँव की आराध्या तिवारी के इलाज के लिए आर्थिक सहायता देने का आग्रह मुख्यमंत्री शिवराजसिंह से किया है। उन्होंने कहा कि नौ साल की आराध्या को यह बीमारी जन्म से है। उसे जीवित रहने के लिए हर सप्ताह खून चढ़ाया जाता है। लेकिन अब उसे बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए जर्मनी से एक डोनर मिला है जिस पर 15 लाख रूपये खर्च होंगे। इसके अलावा क्रिश्चियन मेडिकल कालेज वेल्लूर में 45 लाख रूपये ट्रांसप्लांट का खर्च आएगा।

अजयसिंह ने बताया कि आराध्य के पिता पंकज तिवारी पिछले पांच साल से लगातार सरकारी मदद के लिए भटक रहे हैं लेकिन उन्हें अभी तक मदद नहीं मिली। ऐसे में उन्होंने पैसे की व्यवस्था के लिए 25 जून से 'मदद एक पहल' अभियान शुरू किया है। वे पैदल यात्रा करते हुए सीधी से भोपाल पहुंचेंगे और लोगों से पैसे एकत्र करेंगे।

अजयसिंह ने हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि बड़ा मुद्दा यह है कि पंकज तिवारी भाजपा के वरिष्ठ सदस्य हैं, प्रदेश का कोई भी भाजपा नेता नहीं बचा जिनके पास उन्होंने गुहार न लगाई हो, ऐसे में सवाल यह पैदा होता है कि 'लाड़ली बहना योजना' को जोर शोर से चलाने वाली सरकार क्या अपनी ही पार्टी के सदस्य की मदद करने के लिए मजबूर है। जब पार्टी का आदमी ही मदद के लिए दर-दर भटक रहा है तो आम आदमी के क्या हाल होंगे।

सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री चौहान मंच पर घूम-घूम कर बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। हमेशा दिलासा की भाषा बोलते हैं। बहनों के पांव पखारने की पूरी नौटंकी करते हैं, लेकिन अगले ही क्षण सब भूल जाते हैं। जमीनी हकीकत के बारे में न वे पता लगाते हैं और न जानना ही चाहते हैं। तभी तो उनकी पार्टी का आदमी अपनी लाडली बेटी के जीवन की रक्षा के लिए इधर-उधर भटक रहा है। उन्होंने कहा कि यदि शिवराजसिंह में जरा भी संवेदनशीलता और नैतिकता बची है तो मेरा आग्रह है कि वे व्यक्तिगत रूचि लेकर अपनी लाड़ली बेटी के लिए तत्काल आर्थिक सहायता स्वीकृत करें।

क्रिस्प को मिली एआईसीटीई से मान्यता

अब संस्थान 'पोस्ट डिप्लोमा सर्टिफिकेट कोर्सेज' का संचालन कर सकेगा

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश की अग्रणी संस्था क्रिस्प को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से 'पोस्ट डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रोग्राम' की मान्यता प्राप्त हुई है। यह मान्यता फिलहाल दो शैक्षणिक सत्र 2023-24 और 2024-25 के लिए मिली है, जिसमें डेढ़ साल के 'पोस्ट डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रोग्राम' की मान्यता मिली है। इसके लिए औपचारिक प्रवेश प्रक्रिया 1 अगस्त 2023 से शुरू होगी और 1 सितंबर से भोपाल परिसर में कक्षाएँ भी शुरू हो जाएंगी। क्रिस्प मध्य प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा विभाग के तहत कार्यरत एक स्वशासी संस्था है। क्रिस्प अब इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन, मेकाट्रोनिक्स, मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी, सूचना प्रोद्योगिकी (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस- मशीन लर्निंग), इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी (कंप्यूटर एप्लीकेशन), हाई-टेक टेक्नोलॉजी (कंप्यूटर एप्लीकेशन) जैसे विशेष हाई-टेक पोस्ट डिप्लोमा सर्टिफिकेट संचालित करेगा। प्रस्तावित पाठ्यक्रम उम्मीदवारों को 100 प्रतिशत प्लेसमेंट प्रदान करेंगे।

क्रिस्प के प्रबंध संचालक डॉ. श्रीकांत पाटिल ने एआईसीटीई को क्रिस्प का चयन करने के लिए धन्यवाद दिया और आश्वासन दिया कि इस तरह के पाठ्यक्रम से मध्यप्रदेश में उद्योगों के लिए कुशल जनशक्ति तैयार होगी। यह निश्चित रूप से संस्थान के लिए बहुत अच्छी खबर है और इसके साथ ही सफलता का एक नया अध्याय लिखा जाएगा।

हेड कॉन्स्टेबल ने फार्म हाउस मालिक की हत्या की: भांजे के साथ मिलकर शव जमीन में गाड़ा

75 करोड़ की जमीन पर बिगड़ी नीयत

नर्मदापुरम/नवप्रदेश। रायसेन थाने के हेड कॉन्स्टेबल ने अपने भांजे के साथ मिलकर फार्म हाउस मालिक की हत्या कर दी। रॉड से पीट-पीटकर हत्या के बाद शव खेत में गाड़ दिया। घटना नर्मदापुरम जिला मुख्यालय से 27 किमी दूर सेमरी खुर्द गांव की है। फार्म हाउस मालिक और पेशे से किसान प्रशांत पटेल (45) 21 जून से लापता था। 15वें दिन गुरुवार रात उसका शव उसी के खेत में मिला। आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि हत्या विदिशा में 22 एकड़ जमीन की खरीदी और रजिस्ट्री में नाम जुड़वाने को लेकर हुए विवाद में की गई। जमीन की कीमत 75 करोड़ रुपए बताई जा रही है। ASP अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि 22 जून को प्रशांत पटेल की गुमशुदगी डोलरिया थाने में दर्ज कराई गई थी। उसकी तलाश नर्मदापुरम के अलावा भोपाल, हरदा, खंडवा, बैतूल तक में की गई। प्रशांत के मोबाइल की आखिरी लोकेशन भी उसी के खेत की आई थी। 21 जून को प्रशांत के साथ मयंक तिवारी, उसके मामा चेतन पाठक (हैड कॉन्स्टेबल) और पाठक के एक दोस्त को देखा गया था। पुलिस को मयंक और उसके मामा चेतन पर शक था। 14 दिन में दो बार दोनों से पूछताछ की। दोनों ने अलग-अलग बयान दिए। गुरुवार दोपहर सख्ती की तो दोनों टूट गए और सारी सच्चाई उगल दी। पुलिस को आरोपियों ने बताया कि 21 जून की शाम प्रशांत घर से अपने फार्म हाउस पर आ गया था। सेमरी खुर्द का ही उसका दोस्त मयंक तिवारी अपने मामा चेतन और संदीप कुशवाहा के साथ फार्म हाउस पहुंचा था। चेतन और संदीप विदिशा के रहने वाले हैं। चारों ने फार्म हाउस में पार्टी की। इसी बीच संदीप ने रॉड उठाकर प्रशांत के सिर पर मार दी। सिर फूटने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गड्ड्ढा खोदकर शव गाड़ दिया। तीनों इसी रात भोपाल चले आए। सुबह मामा-भांजे वापस गांव लौट आए। मर्डर आरोपियों ने पूरी प्लानिंग के साथ किया था। शक होने पर दो बार मयंक और चेतन के पुलिस ने बयान भी लिए। उन्होंने गुमराह करके ध्यान भटकाने की कोशिश की। पुलिस ने गुरुवार दोपहर संदेह के आधार पर एक बार फिर मामा-भांजे को हिरासत में लेकर 3 घंटे पूछताछ की।

ASP ने बताया कि प्रशांत के पिता बसंत पटेल ने मयंक तिवारी, चेतन पाठक के साथ विदिशा में 22 एकड़ जमीन खरीदने का अनुबंध किया था। अभी रजिस्ट्री नहीं हुई है। अनुबंध में बसंत पटेल ने बेटे प्रशांत का नाम नहीं जोड़ा था। प्रशांत आपत्ति लेता था कि मेरा नाम भी जमीन मालिक के रूप में जोड़ा जाए। मयंक की मां गांव में भैरो बाबा और मां काली का दरबार लगाती है। बसंत पटेल की उनमें आस्था है। उन्होंने उन पर ज्यादा विश्वास करते हुए बेटे प्रशांत का नाम जमीन के मालिक के रूप में शामिल नहीं किया था। मयंक तिवारी को हिस्सेदार बना दिया। प्रशांत इसी बात को लेकर पिता और आरोपियों से विवाद करता था। प्रशांत ने 21 जून को भी मयंक और चेतन से विवाद किया था। यह जमीन मुस्लिम समाज के लोगों की है। प्रशांत पटेल के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद करीब 3 घंटे तक क्क्रूरूम में ही रखना पड़ा। प्रशांत पटेल के चाचा और गांव के लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और उनके मकान तोड़ने की मांग को लेकर शुक्रवार को थाने का घेराव कर दिया।

दलितों-आदिवासियों पर अत्याचार-बदल डालो निकम्मी भाजपा सरकार: प्रदीप अहिरवार

भाजपा राज में दलित-आदिवासी वर्ग पर बढ़ते अत्याचार के खिलाफ कांग्रेस अजा विभाग का प्रदर्शन, शिवराज सरकार का पुतला दहन किया गया, महामहिम राज्यपाल महोदय को सौंपा ज्ञापन

भोपाल/नवप्रदेश। मप्र कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार के नेतृत्व में आज कांग्रेसजनों ने दलित और आदिवासी विरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर शिवराज सरकार का पुतला दहन किया। महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम संबोधित ज्ञापन एसीपी श्री मिश्रा को सौंपा। प्रदर्शन और पुतला दहन के दौरान पुलिस ने बलपूर्वक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। अहिरवार ने भाजपा सरकार की दलित-आदिवासी विरोधी सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा सरकार में इन वर्गों पर अत्याचार दिन-प्रतिदिन ब?ते जा रहे हैं। सीधी जिले में सरेआम आदिवासी युवक के मुंह पर पेशाब किये जाने की अमानवीय घटना से प्रदेश ही नहीं पूरे देश की मानवता शर्मसार हुई है। वहीं दूसरे-तीसरे दिन शिवपुरी में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों का मुंह काला कर उन्हें मैला खिलाने और जूते-चप्पलों की माला पहनाकर घुमाने की जघन्य घटना सहित अनेकों घटनाओं ने भाजपा सरकार की दलित-आदिवासी हितैषी होने का चाल-चरित्र और चेहरा उजागर कर दिया है। अहिरवार ने कहा कि यही नहीं भोपाल के बैरसिया में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों पर सार्वजनिक रास्ते से निकलने से रोका जा रहा है, जिससे उक्त वर्ग के लोगों में भय एवं रोष व्याप्त है। डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे जो कि एक अनुसूचित जाति की वरिष्ठ अधिकारी द्वारा उनके निवास पर एक समरसता का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसकी सूचना सभी जगह विधिवत रूपे देने के बावजूद भी

रैली निकाली और सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नियमितीकरण की मांग की। संविदा कर्मियों ने धरना स्थल आगर खेल परिसर में प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं मुख्यमंत्री को बकायदा लालस्याही से चिट्ठी लिखकर नियमितीकरण करने का अनुरोध किया। संविदा कर्मियों ने इसके पहले भी कई बार नौकरी की सुरक्षा, रोजी-रोटी को बचाने नियमितीकरण को लेकर विभिन्न प्रकार के पत्राचार की है लेकिन लाल स्याही का उपयोग नहीं किया था। जिला संयोजक ताकेश्वर साहू ने बताया कि संविदा कर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के पांचवे दिन मुख्यमंत्री को लिखी चिट्ठी। छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के द्वारा आज कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर नियमितीकरण की मांग किया। संविदा कर्मियों ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि वर्ष 2018 में भाजपा शासनकाल में नियमितीकरण की मांग भाजपा से चल रही थी, वही आंदोलन के दौरान बिन बुलाए मेहमान बनकर आए कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं ने स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा ने आंदोलनरत संविदाकर्मियों से कहा था कि यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो आप को 10 दिवस के भीतर नियमितीकरण सर्वप्रथम किया जाएगा। लेकिन साढ़े 4 साल बीत जाने के बाद भी अभी तक सरकार ने नियमितीकरण का वादा पूरा नहीं किया।

महापौर ने किया डस्टबिन का वितरण

कोरबा/नवप्रदेश। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 14 अंतर्गत मैंगजीनभांठा पहुंचकर नीले व हरे रंग के डस्टबिनों का वितरण घर-घर पहुंचकर किया तथा उन्हें समझाईश दी कि घर से निकलने वाले गीले कचरे को हरे रंग के डस्टबिन में व सुखे कचरे को नीले रंग के डस्टबिन में सुरक्षित रूप से रखे। दूसरे दिन आने वाली स्वच्छता दीदियों के वाहन में ही डाले, इधर-उधर गली मोहल्लों में न फेंके, अपने वार्ड एवं शहर को स्वच्छ बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाने की अपील की। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि हमारे कोरबा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवान ने स्वच्छता महाभियान के दौरान विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर वार्डो के नागरिकों को डस्टबिनों का वितरण किया तथा वार्ड की स्वच्छता का जायजा लेने पहुंचे थे।

तब उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा था कि कोरबावासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक होना चाहिए एवं अपने तथा अपने परिवार को स्वस्थ्य रखे, इसके लिए अपने घरों के आस पास गंदगी न होने दें और न ही किसी को गदंगी करने दें।

भाजपा महिला मोर्चा ने केंद्र सरकार की गिनाई उपलब्धियां

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय महिला मोर्चा कार्य समिति सदस्य श्रीमती दशमिता चत्तर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा अपने हिस्से का अंशदान नहीं देने के कारण केंद्र की कई योजनाओं का लाभ छत्तीसगढ़ की जनता को नहीं मिल पा रहा है।

जिनमें पीएम आवास के साथ ही कटघोरा-बिलासपुर-मुंगेली-डोंगरगढ़ रेल लाइन आदि कार्य प्रमुख हैं। अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा की राष्ट्रीय महिला मोर्चा कार्यसमिति सदस्य दशमिता चत्तर ने पत्रकारों से बातचीत में आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश की वर्षो से रुकी हुई अनेक कार्यो को पूरा किया है। वर्षो से लंबित श्रीराम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। जिसका लोकार्पण जनवरी 2024 में होना है। राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए धारा 370 खत्म किया गया। मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक पर कानून लाया गया। महिलाओं की स्वास्थ्य व सुविधा के लिए शौचालय बनवाया गया। गैस सिलेंडर दिया गया। विश्व व्यापी रोग कोरोना से बचाव हेतु देश के नागरिकों को 3 बार वैक्सीन लगाया गया। गरीबों के घर का सपना पूरा करने के लिए चलाई जा रही पीएम आवास योजना का लाभ पूरे देश को मिल रहा है। लेकिन छत्तीसगढ़ में बैठी कांग्रेस सरकार के द्वारा राज्य का अंशदान नहीं देने के कारण इसका लाभ गरीबों को नहीं मिल पा रहा है। इसी तरह कटघोरा-बिलासपुर-मुंगेली-डोंगरगढ़ रेल लाइन का कार्य भी भूपेश बघेल सरकार के द्वारा राज्यांश नहीं देने के कारण रुका हुआ है। इस अवसर पर जिला भाजपा महिला मोर्चा प्रभारी संध्या राजपूत, जिलाध्यक्ष वर्षा सिंह, अंजना दास, दुर्गा उमाशंकर साहू, हेमा सोनी आदि उपस्थित थीं।

एएसपी ने लिया चार्ज

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले के नए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही नवपदस्थ एएसपी ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारियों का परिचय लेकर थाना सूरजपुर सहित पुलिस कन्ट्रोल रूम का जायजा लिया। विदित हो कि एएसपी शोभराज अग्रवाल 2013 बैच के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी हैं। इसके पूर्व पंखाजूर, तोंगपाल, सक्ती में एसडीओपी के रूप में सेवा दे चुके हैं। प्रमोशन उपरांत एएसपी के रूप में कोंडागांव जिले में सेवा दी।

चयन समिति की बैठक 10 को

कोरबा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय निगम योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आवेदनों का जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण एवं अनुमोदन हेतु 10 जुलाई 2023 को दोपहर 01 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। कार्यपालन अधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने बताया कि इन योजनाओं के तहत हितग्राहियों को ऋण प्रदाय करने के लिए आवेदन मंगाए गए थे। चयन समिति की बैठक में अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए संचालित योजनाओं के पात्र आवेदकों को ऋण स्वीकृत करने की कार्यवाही की जाएगी।

3 शराब तस्करों को पुलिस ने पकड़ा

मुंगेली/नवप्रदेश। अवैध रूप से शराब क्रि ी करने वाले 3 आरोपियों के विरूद्ध पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की। आरोपियों के कब्जे से कुल 15.4 लीटर अवैध शराब जप्त की गई। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 2 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कुल 3 आरोपियों के विरूध्द आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है, जिसमें थाना लालपुर द्वारा ग्राम बोधापारा में आरोपी चैतराम कश्यप के कब्जे से 3.9 लीटर अवैध शराब, ग्राम परसाकापा में आरोपी मनीराम

नवरंग से 3.7 लीटर और ग्राम कंतेली में आरोपी मोहन धृतलहरे के कब्जे से 7.7 लीटर अवैध देशी शराब जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की।

महंगाई के खिलाफ 'आप' का प्रदर्शन

मुंगेली/नवप्रदेश। देश व प्रदेश में बढ़ती महंगाई के खिलाफ आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए पीएम एवं सीएम के नाम पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष कोमल उपेण्डी ने अनाज से लेकर सब्जियों के दाम में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। जिससे जनमानस परेशान है। सब्जियों के दाम आसमान छू रहे है। जनता महंगाई से त्रस्त और परेशान है। जनता की समस्याओं से न तो भाजपा और न ही कांग्रेस को कोई सरोकार है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक पात्रे ने कलेक्ट्रेट में पीएम एवं सीएम के नाम पर ज्ञापन सौंपा। जिला सचिव मनभजन टण्डन ने कहा कि मोदी सरकार को गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की चिंता नही है। जिसके

चलते लोगों का घरेलू बजट गड़बड़ा रहा है। जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ वीणा मारकण्डेय ने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। ना महंगाई रोक पा रही है और न ही बेरोजगारी कम कर पा रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ अनिल प्रबल, जिला मीडिया प्रभारी हरिश कुमार सेवा, रामराज सिंह ठाकुर, धर्मेन्द्र साहू, रितेश मिश्रा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सर्वमंगला नहर मार्ग पर भारी वाहन प्रतिबंधित

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा शहर के नहर मार्ग पर बनाए गए वैकल्पिक मार्ग में भारी वाहनों के कारण हादसे का खतरा बना हुआ था। फिसलन के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। जिसे लेकर स्थानीय लोगों के विरोध प्रदर्शन के बाद एसडीएम के आदेश पर भारी वाहनों के संचालन पर रोक लगा दी गयी हैं। मार्ग के दोनों ओर खंभे लगाए जा रहे हैं। प्रशासन की इस कदम से कोरबा.कुसमुंडा मार्ग पर इससे राहत मिलने की उम्मीद है।

जिले के सर्वमंगला नहर मार्ग पर नहर और सडक़ को काटकर उरगा की ओर से कुसमुंडा जाने रेल लाइन बिछाने के लिए ब्रिज बनाने का कार्य चल रहा है। ऐसे में इस क्षेत्र के लोगों को कोरबा आने.जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई हैए जो वर्तमान में भारी वाहनों के चलने से बेहद जर्जर हो चुकी हैं। इस सडक़ पर चलने वाले आसपास के ग्रामीणों ने प्रशासन को पत्र लिखकर उन्हें होने वाली समस्या से अवगत कराया था। बावजूद कई माह बीतने पर भी समस्याओं पर कोई ध्यान नही दिया गया। जिस वजह से समस्या ने और विकराल रूप ले लिया। आलम यह हुआ की भारी वाहन वैकल्पिक मार्ग पर फिसलने और फंसने लगे। ऐसे में हल्के वाहनों का मार्ग अनेकों बार अवरुद्ध होने लगा। बड़ी दुर्घटना की भी आशंका होने लगी।

शंकर वार्ड मिडिल स्कूल में मनाया शाला प्रवेशोत्सव

मुंगेली/नवप्रदेश। नव प्रवेशी छात्रों को पुस्तक व अभ्यास पुस्तिका वितरण कर टीका लगाकर स्वागत प्रदेश महिला सचिव कांग्रेस छ ग ललिता सोनी ने किया। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य योगेश्वर शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश पर शाला प्रवेश उत्सव के तहत छात्र-छात्रओं को पुस्तक के निशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में ललिता सोनी ने छात्रों को अपना समय शिक्षा, अनुशासन वृक्षारोपण कर अध्यापन में सहभागिता निभाने कहा,साथ ही शिक्षा के प्रति जागरूक होने बात कही। इस अवसर पर कन्हैया लाल ताम्रकर, अवदेश शर्मा, सुरेश सिंह ठाकुर व सभी शिक्षक स्टॉफ की उपस्थिति में नवप्रवेषित बच्चों का तिलक लगाकर व पुस्तक ड्रेस वितरण कर शाला प्रवेशोत्सव मनाया।

सड़क हादसे में दिवंगत भाजपा कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि

दतिमा मोड़/नवप्रदेश। बीते शुक्रवार को रायपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आयोजित सभा में शामिल होने जा रहे बिश्रामपुर मंडल के कार्यकर्ता का बिलासपुर के बेलतरा के समीप अनियंत्रित होकर बस दुर्घटना का शिकार हो गया। जिसमें दो भाजपा कार्यकर्ता सहित वाहन चालक अकरम खान की मौत हो गई। इस दुखत घड़ी में सांसद प्रतिनिधि एवं भाजयुमो उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भटगांव विधानसभा के ग्राम पंचायत राई गणेश पंडाल के समीप शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा को शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

मौके पर सांसद प्रतिनिधि व भाजयुमो उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल ने कहा कि जमदेई निवासी सज्जन राम सिरदार व रूपदेव सिंह दोनों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता थे। वे पार्टी के लिए ही नहीं समाज के लिए भी समर्पित व्यक्ति में गिने जाते थे। उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सड़क दुर्घटना में हुए मृत्यु से समाज ही नहीं पार्टी को भी क्षति पंहुची है। जिसकी भरपाई भविष्य में नहीं की जा सकती है। श्रद्धांजलि सभा में किसान मोर्चा महामंत्री पारस पैकरा, राजेश यादव, विनय यादव, अशोक यादव, अविनाश यादव, वरुण देवांगन, अश्वनी देवांगन, देवा यादव, ओम प्रकाश यादव, रवि पैकरा, पंकज यादव, मनोज प्रजापति, हेम कुमार राजवाडे, राम प्रकाश चौधरी, मनीष प्रजापति, गुलशन राजवाड़े, विपिन राजवाड़े सहित अन्य भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आयुष्मान कार्ड बनाने वाला कोरबा दूसरे स्थान पर

■ शिविर में जिले के 6624 हितग्राहियों के बनाए गए आयुष्मान कार्ड

कोरबा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा जिले के आयुष्मान कार्ड से छुटे हुए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु एक दिवसीय महाअभियान आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में महाभियान को सफल बनाने के लिए जिले में पूरी व्यवस्था की गई थी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जनसामान्य की स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए जिलेवासियों का प्राथमिकता से आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए थे। उनके मार्गदर्शन में अधिकारियों द्वारा सक्रियतापूर्वक सभी राशन कार्डधारियों का आयुष्मान कार्ड बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. एस. एन. केसरी ने बताया कि बेहतर कार्ययोजना के साथ सवेरे से ही जिले में आयुष्मान कार्ड महाभियान की शुरुआत हुई। जिले में

दिन भर हुई बारिश के बीच महाभियान के अंतर्गत आज कुल 6624 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में आयोजित इस महाभियान के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण में कोरबा जिला द्वितीय स्थान पर रहा। उन्होंने बताया कि जनसामान्य को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से पूर्व में आयोजित महाअभियान में छूटे हुए नागरिकों को लक्षित करते हुए आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। महाअभियान के तहत शत प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए व्यापक पैमाने पर शिविर आयोजित किया गया। जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राम एवं ग्राम पंचायत, स्वास्थ्य केंद्रो, शासकीय स्कूलों सहित सभी च्वाईस सेंटरों में प्रातः 08 बजे से सायं 06 बजे तक आयुष्मान कार्ड बनाए गए। साथ ही अभियान की सफलता के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की ड्युटी लगाई गई थी। ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के कैडर एवं मनरेगा के कर्मचारियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने के निर्देश

कोरिया/नवप्रदेश। आगामी विधानसभा निर्वाचन - 2023 की तैयारी को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने सोनहत के बूथ लेबल अधिकारियों एवं सुपरवाईजर की बैठक लेकर त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने बूथ लेबल अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों से निर्वाचन के कार्य को गंभीरता से लेते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य करने को कहा। कलेक्टर ने प्रशिक्षण में बी.एल.ओ. द्वारा प्रत्येक घर का डोर टू डोर सर्वे कार्य 31 जुलाई तक पूर्ण करने एवं दिनांक 01 जुलाई के स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओ की जानकारी एकत्रित कर उन्हें मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होनें सर्वे के दौरान मतदान केन्द्र के सभी मतदाता का सत्यापन तथा दिव्यांग मतदाता, तृतीय लिंग मतदाताओ, 80 वर्ष से उपर की आयु पूर्ण कर चुके मतदाताओ का परीक्षण कर 31 जुलाई तक डोर-टू-डोर सर्वे को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होनें राजनैतिक प्रभुत्व अथवा समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची न छूटे इस हेतु परीक्षण करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक परिवार में अनुपस्थित, विस्थापित एवं मृत मतदाताओं की जानकारी प्राप्त कर स्थायी रूप से विस्थापित एवं मृत मतदाताओं के नामों को मतदाता सूची से विलोपित करने की कार्यवाही आयोग के निर्देशानुसार करने को कहा। कलेक्टर ने स्थानीय जनजाति जैसे बैगा और पण्डो समाज के लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज करने तथा उन्हें मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि 2 अगस्त को होने वाले मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन का सभी मतदान केंद्रों, ग्राम सभा मे वाचन किया जाना है।

शतरंज चैम्पियनशिप का शुभारंभ

मुंगेली/नवप्रदेश। राज्य सीनियर फि डेरेटेड शतरंज चैंपियनशिप का शुभारम्भ पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस स्पर्धा में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य से 54 अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग वरीयता प्राप्त खिलाडियो के साथ कुल 116 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। चैम्पियनशिप छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ के संस्थापक सदस्य स्व. प्रफुल्ल शर्मा को समर्पित किया गया हैं। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी चंद्राकर, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद संजय ठाकुर, प्रमोद पाठक, सुशील शुक्ला, हेमिन मंगेशकर, उर्मिला रमेश यादव, शीतला जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। चैंपियनशिप के चीफ ऑर्बिटर रॉकी देवांगन एवं डिप्युटी चीफ ऑर्बिटर ओमप्रकाश वंदे है तथा ऑर्बिटर में भावना जायसवाल एवं मो. अयाज चामड़िया हैं। सबसे कम उम्र के खिलाड़ी लक्ष्य यादव 4 वर्ष अपने खेल प्रतिभा को निखार रहे हैं। इनके साथ व-15 वर्ग में 36 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है। चैंपियनशिप में क्रमशरू 5 टेबल एस. धनंजय 2155, शेख ईदू 1945, आशुतोष 1913, लव्यज्योति रौतरे 1707, रूपेश कुमार मिश्रा 1591 ने जीत अर्जित की। सभी अतिथियों को सुबोध कुमार सिंह एवं विजय वर्मा के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट दिया गया। स्पर्धा में आशीष मिश्रा, पुन्नीलाल जांगड़े, पुनदास पाटले, कामता प्रसाद कुर्रे सभी के सहयोग से चैंपियनशिप को आयोजन किया जा रहा है।

संयुक्त मोर्चा का धरना प्रदर्शन, रैली भी निकाली गई

- पांच सूत्रीय मांगों के लिए किया जोरदार प्रदर्शन
- चारों विकासखंड में लगभग 10 हजार कर्मचारी हुए शामिल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छग कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त मोर्चा राजनांदगांव अपने प्रांतीय संयुक्त मोर्चा के प्रमुख कमल वर्मा, संयोजक, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, अनिल शुक्ला संयोजक, छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी महासंघ एवं महेन्द्र सिंह राजपूत छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन कर्मचारी संघ के आह्वान पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त मोर्चा राजनांदगांव के जिला संयोजक, डॉ. केएल टांडेकर, जिला महासचिव सतीश ब्यौहरे, छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी के नेतृत्व में राजनांदगॉव जिले में शासकीय सेवकगण अपनी डीए और गृहभाड़ा भत्ते सहित पांच सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में एक दिवसीय प्रान्तव्यापी हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन के माध्यम से आंदोलनरत् हुए। तहसील-ब्लॉक-जिले के शासकीय सेवकगण अपने अपने मुख्यालय में इकट्ठा होकर धरना प्रदर्शन करते दिखाई दिए। इसी तारतम्य में विकासखंड राजनांदगांव में भी एकजुट होकर आंदोलन किए, उसके पश्चात रैली निकालकर अपने जायज मांगों के लिए हाथों में तख्ती लिए नारेबाजी करते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए जिला कार्यालय पहुंचे, जहां पर मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। खासकर महिला कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन एवं रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डीए एवं गृह भाड़ा भत्ता सहित पांच सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में शासकीय सेवकों का जन सैलाब दिखाई दिया। कलम बंद-काम बंद के नारे के साथ अपनी मांगों को लेकर यह आंदोलन 7 जुलाई की प्रातः लगभग 10 बजे से शाम 4 बजे तक धरनास्थल जिला कार्यालय के सामने फ्लाई ओव्हर के नीचे संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकगण एकत्रित होकर अपनी लंबित मांगों के लिये जोर-शोर से एकजुट होकर नारेबाजी करते एवं राज्य शासन के कर्मचारियों को केन्द्र शासन के समान देय तिथि अनुसार 42 प्रतिशत डीए एवं बकाया एरियर्स राशि सहित सांतवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता सहित पांच सूत्रीय मांग करते हुए वृहद स्तर पर हड़ताल, धरना प्रदर्शन एवं रैली निकालकर प्रदर्शन करते दिखाई दिये। आंदोलन के विषय छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक डॉ. केएलटाण्डेकर, महासचिव सतीश ब्यौहरे, छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुरेश जैन ने बताया कि पूर्व में भी कर्मचारी संगठनों द्वारा शांतिपूर्ण चरणबद्ध आंदोलन के माध्यम से राज्य शासन को समय-समय पर अपनी जायज मांगों के निराकरण हेतु अनुरोध किया जाता रहा है, किन्तु राज्य शासन द्वारा शासकीय सेवकों के हित में समाधानकारक निर्णय नहीं लेने के कारण प्रदेश के कर्मचारीगण-अधिकारीगण-पेंशनर्स प्रताड़ित हो रहे है। शासन द्वारा राज्य सेवा के कर्मचारियों के वेतन में लगातार कटौती की जा रही है, और उनके मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है जिसके कारण शासकीय सेवकों में निराशा और आक्रोश व्याप्त है और वे अपने हक की लड़ाई के लिये लामबद्ध हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के सैंकड़ो कर्मचारीगण-अधिकारीगण सामूहिक रूप से अवकाश लेकर 7 जुलाई को जिले के सभी विकासखंड-तहसील के शासकीय सेवकगण अपने-अपने ब्लॉक एवं तहसील मुख्यालय में धरना प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन किए। विकासखंड राजनांदगांव में जिला कार्यालय के सामने, फ्लाईओवर के नीचे जीई रोड पर एक दिवसीय प्रांतव्यापी कलम बंद-काम बंद हड़ताल, धरना प्रदर्शन एवं रैली के माध्यम से शासन तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास किया है और इसमे काफी हद तक सफल भी रहे है, जिसके चलते आज ब्लाक, तहसील एवं जिला स्तर के शासकीय कार्यालयों एवं विभागों में दिनभर कामकाज ठप्प रहा है। जिले के कई अधिकारीगण भी कार्यालयों में अपनी सीट पर अनुपस्थित रहकर आज के इस आंदोलन एवं रैली को मौन समर्थन देते दिखे।

विधायक शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी का किया स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में आयोजित विजय संकल्प महारैली में शामिल हुए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया।

रायपुर दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साइंस कॉलेज मैदान पर जनसभा के भाषण की शुरुआत छत्तीसगढ़ी में की। प्रदेश के देवी-देवताओं एवं महापुरुषों को याद करते हुए उन्होंने जय जोहार से लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने सभा में आ रहे तीन कार्यकर्ताओं की सड़क हादसे में मौत पर श्रद्धांजलि दी। अपने 30 मिनट के संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में एक ही चर्चा है कि बदलबो-बदलबो ए दारी सरकार बदलबो। यह राज्य भाजपा ने बनाया है और यहां के लोगों को भाजपा ही समझती है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर शराब घोटाले को लेकर जमकर हमला बोला।

साथ ही पीएम ने छत्तीसगढ़ को हज़ारों करोड़ रुपये की सौगात देते हुए कहा कि भारत सरकार के इन प्रोजेक्ट्स से यहां रोजगार के अनेकों नए अवसर भी बनेंगे. यहां के धान किसानों, खनिज संपदा से जुड़े उद्यमियों और टूरिज्म को भी इन प्रोजेक्ट्स से बहुत लाभ मिलेगा।

बूथ व वार्ड कार्यकर्ता ही हैं हमारी नींव : अविनाश चौबे

साजा/नवप्रदेश। कांग्रेस बूथ कमेटी व वार्ड कमेटी की आवश्यक बैठक नगर के अम्बेटकर भवन में हुआ। जिसमें मुख्य रूप से युवा प्रेरणाश्रोत अविनाश चौबे की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुवात हुई। नगर पांचयत अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल ने कृषि मंत्री रविंद्र चौबे द्वारा किये जा रहें विकास कार्यो को बताया व आम जनता के लिए अन्य विकास कार्य जो आगामी होने हैं उनकी जानकारी दी। उनके पश्चात अविनाश चौबे ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता हमारी ताकत हैं व प्रत्येक बूथ व वार्ड कमेटी का कार्यकर्ता हमारी नीव हैं। अविनाश चौबे ने सभी को सम्बोधित करते हुए आगे कहा कि साजा की देवतुल्य जनता हमें हमेशा से अपार प्रेम दिया हैं और हमारा पूरा जीवन इसका आभारी रहेगा। साथ ही आगामी चुनाव में यह प्रेम और बढ़कर मिलेगा, यह हमें पूर्ण विश्वास हैं। उसके पश्चात सभी बूथ व वार्ड कमेटी से मुलाकात कर आगामी चुनाव की तैयारीयों की जानकारी ली और सभी को घर घर जाकर कृषि मंत्री के संदेश व छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं को पहुंचाने की बात कही। उक्त कार्यक्रम में संतोष वर्मा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, योगेश्वर सोनी नपं उपाध्यक्ष, राजेश ठाकुर, पुष्पा सिन्हा, अवधेश गोयल, नरेन्द्र यादव, बाजीगर यादव, खेमेश्वरी साहू पार्षदगण, रोहित वर्मा, शांता निर्मलकर, जितेन्द्र जैन, पूर्व उपाध्यक्ष बिजेंद्र वर्मा, जनार्दन ठाकुर, मनीष राजपूत, ईश्वरी निर्मलकर, विप्लव गौरहा, सुशील निर्मलकर, टूकेश देशमुख, भुजल किशोर मिश्रा, थानेश्वर साहू, मोंटी निर्मलकर, शरीफ खान, तुलसी साहू, प्रकाश यादव, कृपा साहू, रामाधार गोयल, योगेश बागरेचा, दिनेश वर्मा, उषा राठी, रवि सेन, पूर्व पार्षदगण, कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्तागण, युवा कांग्रेस राजीव मितान के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

गौठान से ग्रामीण लाभान्वित, पशुधन को मिल रही सुविधाएं

- छाया, पानी, चारा जैसे स्थाई सुविधाओं के साथ वर्मी खाद का हो रहा निर्माण

कवर्धा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत बरबसपुर में सुराजी गांव योजना के नरवा गरवा घुरवा एवं बाड़ी अंतर्गत बनाए गए गौठान में छाया पानी चारा की सुविधा नही होने एवं वर्मी कंपोस्ट नहीं बनाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सूचना को संज्ञान में लिया और बरबसपुर गोठान की गतिविधिया, गोबर खरीदी, मवेशियों की उपस्थिति, जैविक खाद का निर्माण सहित गोठान समिति के कार्यो की पूरी जानकारी ली। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल को जांच करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन पर जनपद पंचायत कवर्धा की टीम द्वारा गौठान पहुंच कर जाँच की गई। पशुधन के लिए छाया पानी चारा उपलब्ध कराए जाने के संबंध में जानकारी देते हुए सीईओ जनपद पंचायत ने बताया कि बरबसपुर गौठान में 2 बोर पूर्व से स्थापित है जिसमें एक बोर से कोटना में प्रतिदिन पानी भरा जाता है। पशुधन पर बताया गया कि 319 गौवंशी एवं 34 भैंसवंशी गांव में है जिसे प्रतिदिन ग्रामीण गौठान में लाकर छोड़ते हैं क्योंकि गौठान में पशुधन के लिए शासन द्वारा सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही यह भी शिकायत प्राप्त हुई थी की गौठान में पशुधन को बैठने के लिए शेड का निर्माण नहीं किया गया है। जबकि निरीक्षण के लिए पहुंचे दल ने पाया कि पशुधन को बैठने के लिए दो शेड का निर्माण किया गया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को प्रताड़ित करने वाली सुपरवाईजर निलंबित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रताड़ित करने वाली सुपरवाईजर श्रीमती लक्ष्मी श्रीवास जो कि एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय पलारी में पदस्थ थी। उस पर सख्त कार्रवाई करते हुए कलेक्टर चंदन कुमार ने निलंबित कर दिया है। लक्ष्मी श्रीवास के संबंध में सेक्टर के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा दिनांक 19 जून 2023 को शिकायत किया गया था। शिकायत के संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी पलारी द्वारा बयान एवं जांच किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए झाड़ू लगवाना, टायलेट साफ करवाना इत्यादि सही पाया गया। साथ ही नोटिस का उचित जवाब नहीं पाया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उक्त कार्यवाही छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 14 के तहत विभागीय जांच संस्थित करने के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के प्रावधान के अनुसार की गई है। निलंबन के अवधि में मुख्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय लवन रहेगा। एवं निलंबन के अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा द्वारा शुक्रवार को छत्तीसगढ़ राज्य के कर्मचारी अधिकारियों के 5 सूत्रीया मांगों के निराकरण के लिए मुख्य सचिव के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भाटापारा को ज्ञापन सौपा गया! इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में जनपद कार्यालय के समक्ष समस्त कर्मचारी अधिकारी एकत्रित हुए और अपनी मांगों को वकतव्य के माध्यम से रखे! मांगे पूर्ण नहीं होने की स्थिति में 1 अगस्त 2023 सेअनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने की घोषणा की गई! धरना प्रदर्शन में उपस्थित ब्लॉक संयोजक रमेश वर्मा ब्लॉक प्रभारी प्रकाश तिवारी ओम प्रकाश वैष्णव अजय तिवारी ईश्वर देवदास, के के यदु, एस एल पंसारी, दिलीप बिसेन, रामप्रताप साहू संतोष साहू कोदूराम देवांगन आलोक शुक्ला ओंकार साहू दुर्गा साहू बसंत सोनी प्रफुल्ल रजक तेज नाथ साहू मूलचंद कोसले जितेंद्र शर्मा सुषमा भास्कर शैल कुमार नेताम हेमलाल वर्मा लेख राम साहू पीएन हिरवानी, संत कुमार काट ले शत्रुघ्न लाल ध्रुव हेमलाल वर्मा भागवत टंडन प्रेम रतन शर्मा शैलेंद्र नामदेव शरद चंद्र देउ लकर गिरीश कुमार वर्मा देविका वर्मा अमित तिवारी द्रोण गोवर्धन साहू पूनम राम साहू श्रवण सिंगरौल नंद कुमार वर्मा रामकुमार यादव पवित्र कुमार अनूप दास मानिकपुरी लोचन नेताम लोकेश्वरी नेताम देवेंद्र कुमार वर्मा तीज रामपाल संतोष दास मानिकपुरी सुरेंद्र साहू सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में सश्रम कारावास

- अपर सत्र न्यायालय ने अंतिम फैसला सुनाया

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के अपर सत्र न्यायालय ने अलग-अलग धाराओं में आरोपी के खिलाफ आरोप सिद्ध होने पर अपना अंतिम फैसला देते हुए सजा सुनाया है। आरोपी को अपहरण के मामले में 5 वर्ष और आत्महत्या करने के लिए उकसाने के मामले में 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। मिली जानकारी के मुताबिक थाना फिंगेश्वर के अपराध में आरोपी सेवन कुमार साहू पिता गोपाल साहू निवासी ग्राम बेलर थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद को अपर सत्र न्यायाधीश तजेश्वरी देवी देवांगन द्वारा 01जुलाई को आरोपित संहिता में 5 वर्ष का सश्रम कारावास 1000/ रुपए का अर्थदंड एवं धारा 306 भादं संहिता में 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000/ रुपए से दंडित किया गया है। अतिरिक्त लोक अभियोजन जनक राम साहू ने बताया कि पीड़िता के पिता ने 13/मार्च/2022 को थाना फिंगेश्वर में सूचना दिया था कि उनकी पुत्री 16 वर्ष 5 माह जो कि कक्षा 11वीं में पढ़ रही थी 12/मार्च/2022 को रात्रि में किसी को बिना बताए कही चली गई है। जिसे गांव में आसपास पता तलाश किए पता तलाश के दौरान ग्राम पतोरा के नेवार जंगल में सागौन के पेड़ में फांसी लगा लिया है, पीड़िता के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस थाना फिंगेश्वर द्वारा मर्ग दर्ज कर जांच में लिया गया। जांच के दौरान पीड़िता/मृतका के पढ़ाई के दौरान आरोपी द्वारा बारङ्बार प्रेम संबंध का झांसा देकर कि तुमसे शादी करूंगा नहीं करोगी तो मैं मर जाऊंगा कहकर परेशान एवं प्रताड़ित करते रहता था। मृतिका के पिता द्वारा आरोपी को समझाइश देने के बाद भी आरोपी नहीं माना और पीड़िता/मृतिका को बहला फुसलाकर 12/03/2022 को भगाकर रायपुर ले गया वहां भी आरोपी शादी करने का दबाव बनाकर मरने की बात करने से मृतिका आरोपी के द्वारा बारङ्बार प्रताड़ित करने के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या करना पाए जाने पर आरोपी सेवन कुमार साहू के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए जाकर सम्पूर्ण विवेचना पश्चात न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। अपर सत्र न्यायाधीश तजेश्वरी देवी देवांगन के न्यायालय में प्रकरण की कार्यवाही प्रारंभ हुई, अभियोजन द्वारा कुल 17 साक्षियों का परीक्षण कराया गया। अपर सत्र न्यायाधीश तजेश्वरी देवी देवांगन द्वारा आरोपी के विरुद्ध अपराध अंतर्गत धारा 363 एवं धारा 306 भा.दं. संहिता के तहत दोषसिद्ध पाए जाने पर धारा 363 भा.दं. संहिता के अपराध में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000/ रुपए का अर्थदंड एवं धारा 306 भा.दं. संहिता के अपराध में 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000/ रुपए के अर्थदंड से आरोपी को दंडित किया गया है। अर्थदंड की राशि की अदायगी में व्यक्तिक्रम होने पर 1-1 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास पृथक से भुगताए जाने का निर्णय पारित किया गया है। शासन की ओर से पैरवी जनक राम साहू अतिरिक्त लोक अभियोजक ने की है।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुरुभेज की दंबगई, एफआईआर

- कांग्रेसियों में सत्ता की गर्मी का असर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लंबे समय के बाद मिली सत्ता की गर्मी युवा नेताओं को भी बर्दाश्त नहीं हो रही है। कांग्रेस पार्टी की छबि को इस कदर खराब करने में युवा नेता आमादा हो गए कि अब दादागिरी मारपीट पर उतर आए। सबसे बड़ी बात यह है कि युवा शक्ति की ऊर्जा सकारात्मक कामों में लगे और युवाओं की ताकत उस ऊर्जा मे तब्दील हो जिससे सकारात्मक परिणाम देखने और सुनने को मिले और संगठन का सीना गौरवान्वित हो, वही युवा वर्ग स्वच्छ राजनीति की मिशाल बन कर कांग्रेस पार्टी को और मजबूती देने की दिशा में अपना योगदान दे सके, पर इन सब के उलट संस्कारधानी में भी अब युवा नेता दबगई पर आमादा हो गए और बाकायदा मारपीट की घटना को अंजाम देने लगे है। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष के खिलाफ पुलिस को एफआईआर दर्ज करना पड़ा और मामले में अपराध दर्ज कर लिया गया है। लखोली जनता कॉलोनी में रहने वाले अमन गुप्ता, हर्ष तिवारी तथा लाला पाण्डे ने पुलिस को एफआईआर में बताया कि वो जनता कालोनी लखोली मे रहते हैं। 3 जुलाई 2023 के रात्रि 11 बजे अपने घर से खाना खाकर लखोली स्कूल ग्राऊंड में टहलने-घूमने के लिए गए थे, वहां लखोली स्कूल ग्राऊंड में पहले से अमन गुप्ता, हर्ष तिवारी तथा लाला पाण्डे बैठे हुए थे, उसी समय गुरभेज सिंग माखिजा, सन्नी माखिजा, पवन खाती, रोशन सोनकर और अन्य लोग दुपहिया एवं सफेद रंग की होण्डा सीटी कार में बैठकर हमारे पास आकर कहने लगे की रेवाडीह शराब भट्टी के पास शक्ति ढाबा में तुम लोग बहुत होशियार बन रहे थे, अब बताओ क्या करोगो, कहकर मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देकर जान से मारने की धमकी देकर गुरभेज सिंग माखिजा के द्वारा हाथ में रखे लकड़ी का डंडा से मुझे तथा अमन गुप्ता को मारने पर मुझे दाहिने हाथ के अगूठा तथा ईट पत्थर से मारने पर दाहिने पैर के एढ़ी में चोट लगने से खून निकलने लगा। अमन गुप्ता को ईट से मारने पर उसके सिर में चोट लगने से खून निकलने लगा तथा हर्ष तिवारी द्वारा बीच-बचाव करने पर उसे भी मारपीट करने लगे, जिससे उसे भी चोट खरोच आया है। घटना को होते हुए चस्मदीद लाला पाण्डे ने देखा और सूना है।

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने किया धरना प्रदर्शन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। 07 जुलाई को प्रांतीय आह्वान पर पलारी में कर्मचारी अधिकारी ने लंबित मंहगाई भत्ता, HAR, पींगुआ कमेटी के रिपोर्ट को सर्वाजनिक करने समस्त विभाग के कर्मचरियो के वेतन विसंगति, प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन आदि मांगो को लेकर पलारी शिक्षक सदन में धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार पलारी को मुख्यमन्त्री के नाम ज्ञापन सौंपा ब्लाक संयोजक देवेन्द्र साहू ने कहा कि यदि 31 जुलाई तक समस्त मांगों को सरकार पूरी नही करती तो 1 अगस्त से समस्त 146 विभाग के कर्मचारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जायेंगे।

मूलभूत समस्याओं को लेकर खदान और प्रबंधन से चर्चा

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। लौह अयस्क खदान समूह के कर्मचारियों की कुछ मूलभूत समस्याएं जैसे टाउनशिप सिविल मेंटेनेंस संबंधी कार्य समय पर न होना, माइंस हॉस्पिटल में चिकित्सा सुविधाओं में निरंतर कमी, स्कूली शिक्षा के स्तर में गिरावट, खदान के विभिन्न विभागों में कर्मचारियों की कमी आदि समस्याओं का ठोस समाधान करने की मांग को लेकर मुख्य महाप्रबंधक आर.बी.गहरवार से संयुक्त खदान मजदूर संघ के सचिव कमलजीत सिंह मान के नेतृत्व में विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य महाप्रबंधक से चर्चा में सचिव कमलजीत सिंह मान ने कहा कि वेतन समझौता हो जाने के बाद उसके एरियर्स की राशि का अभी तक भुगतान नहीं होने के कारण कर्मचारियों में आक्रोश है, जिसका यदि त्वरित भुगतान नहीं किया गया, तो प्रबंधन के विरोध के तौर पर कभी भी उत्पादन को ठप्प किया जा सकता है, इसलिए प्रबंधन इसे गंभीरता से ले और कर्मचारियों को जल्द से जल्द एरियर्स की राशि मिले इसके लिए आप उच्च अधिकारियों से चर्चा कीजिए। आगे कहा गया कि ठेका कर्मचारियों को दी गई मेडिकल सुविधा का लाभ मिलने में जो रुकावटें आ रही है उसका समाधान कर समस्त ठेका कर्मचारियों को मेडिकल सुविधा का लाभ जल्द से जल्द मिल सके उसके लिए तत्काल प्रयास किया जावे।

समान नागरिक संहिता कानून संविधान विरूद्ध : कांग्रेस

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस सचिव आफताब आलम ने कहा कि देश की ज्वलंत समस्या महंगाई व बेरोजगारी जैसे बुनियादी मुद्दों से देशवासियों को भटकाने के लिए समान नागरिक संहिता कानून को षड्यंत्रपूर्वक लाया जा रहा है। ज्ञात हो कि भारतवर्ष में विभिन्न धर्मो एवं सम्प्रदाय से जुड़े लोग रहते हैं। इन सम्प्रदाय के नियम-कायदे और सामाजिक मान्यताएं व रीति-रिवाजों को रोक पाना संभव नहीं है। ऐसे में पिछले 9 वर्षो से लगातार अजा-अजजा व अल्पसंख्यक समुदाय को भाजपा द्वारा किसी न किसी रूप से प्रताड़ित कर उन्हें देश में दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने का कुत्सित प्रयास कर रही है। सालों के लंबे संघर्ष और त्याग के बाद दलित, आदिवासी, पिछड़ो और अल्पसंख्यक को डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा कठिन संघर्ष और जीवनमरण के बाद संवैधानिक रूप से देश में समानता का अधिकार दिलाया तथा अपने धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को पूर्ण करने का अधिकार दिलाया। भाजपा समान नागरिक संहिता के बहाने आदिवासी प्रथागत कानूनों, कास्तकारी और संथाल परगना कास्तकारी अधिनियम, विल्किंसन नियम, पेसा कानून, 5वीं अनुसूची क्षेत्र के नियमों, आदिवासियों के विवाह और तलाक कानूनों को खत्म करने की साजिश कर रही है।

आलम ने कहा कि भाजपा पूर्ण रूप से आरक्षण विरोधी है। इसका सबसे पुख्ता उदाहरण यह है कि बेइंतहा निजीकरण बढ़ावा देना है। ज्ञात हो कि आरक्षण समाप्त करने के इरादे से सरकारी उपक्रमों का विलय निजी क्षेत्रों में कर रही है। गौरतलब है कि निजी क्षेत्रों पर आरक्षण की बाध्यता नहीं होती है। ऐसे में आरक्षण का मसला की खत्म हो जाएगा। इससे आरक्षित वर्गो की स्थिति पूर्व की तरह हो जाएगी, जहां तक धारा 370 हटाने का भाजपा श्रेय ले रही है। अभी तक उसकी सुनवाई कोर्ट में प्रारंभ नहीं हुई है तथा संसद में तीन तलाक कानून पास होने का श्रेय भाजपा लेने का प्रयास कर रही है। उल्लेखनीय है कि संसद में कानून पास होने से तीन माह पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को अवैध घोषित कर दिया था।

इंस्टाग्राम, फोन, मैसेज से परेशान करने वाला आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। सोशल मीडिया इंस्टाग्राम एवं फोन मैसेज के माध्यम से प्रार्थिया की गंदी गंदी फोटो विडियों अपलोड करने एवं धमकी देने के मामले में शहर पुलिस ने एक आरोपी को गोलकोन्डा जिला हैदराबाद तेलांगाना से गिरफ्तार कर उसके पास से एक नग ओप्पो कंपनी का टच स्क्रीन एनड्रायड मोबाईल फोन जप्त कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेज दिया है।

पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा दिए गए निर्देश,अति0 पुलिस अधीक्षक हरिश कुमार यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक अरूण साहू के नेतृत्व में थाना भाटापारा शहर के अपराध क्रमांक 173 /2023 धारा 292 (2)(A), 507,509 भादवि 67(A) आई टी एक्ट भादवि के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी अरुण साहू ने बताया की प्रकरण में प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि साईद उद्दीन साकिन गोलकोन्डा हाजी गली हैदराबाद के द्वारा सोशल मीडिया इंस्टाग्राम एवं फोन मैसेज के माध्यम से प्रार्थिया की गंदी गंदी फोटो विडियों अपलोड करने एवं धमकी देने की रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान आरोपी

संयुक्त मोर्चा का कामबंद प्रांतव्यापी धरना प्रदर्शन

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा छत्तीसगढ़ कर्मचारी -अधिकारी संयुक्त मोर्चा अपनी पांच सत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय प्रांतव्यापी आह्वान कामबन्द ,कलमबन्द हड़ताल किया गया। जिसमें अपनी पाँच सत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन राजीव गांधी पार्क में किया तथा नगर के प्रमुख मार्ग पर विशाल जुलुस निकालकर अपनी जायज माँगपत्र कलेक्टर कार्यालय में शासन के नाम को सौपा गया ।छत्तीसगढ शासन द्वारा पांच प्रतिसत डी ए घोसित किया गया है जो कि नाकाफी है शासन द्वारा एच आर(हाऊस रेंट) एवं अन्य मांगो पर किसी प्रकार की चर्चा नहीं की गई है जो कि कर्मचारियो के साथ अन्याय है इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में प्रदेश के लगभग 145 संगठनो के कर्मचारी सम्मलित हुए हैं उक्त अवसर पर प्रताप चन्द्रवंशी, प्रमोद शुक्ला, रमेश चन्द्रवंशी ,भवेन्द्र शर्मा, सी डी भट्ट, सन्तोष साहू, शिवेन्द्र चन्द्रवंशी, दिलीप चन्द्रवंशी, आसकरन धुर्वे ,प्रेमनारायण शर्मा, परसराम चन्द्राकरअश्वनी पांडेय, नंदकुमार शर्मा, चन्द्रशेखर शर्मा, छत्रपालपूरी गोस्वामी, चंद्रप्रकाश जांगडे ,कमलदास मर्चुले,के साथ साथ बड़ी संख्या में कर्मचारी आधिकारी उपस्थित थे ।

वरुण धवन की बवाल का टीजर जारी, 21 जुलाई को रिलीज होगी फिल्म

वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की फिल्म बवाल का टीजर बुधवार को रिलीज कर दिया गया है. इसे नितेश तिवारी ने डायरेक्ट किया है और साजिद नाडियाडवाला ने प्रोड्यूस किया है. यह वरुण और जाह्नवी की साथ में पहली फिल्म है. यह एक रोमांटिक-ड्रामा फिल्म है.

वरुण, जाह्नवी की इस फिल्म का टीजर इमोशन, ड्रामा और प्यार से भरपूर है. टीजर के बैजग्राउंड में सैड सॉन्ग भी सुनाई दे रहा है. टीजर के साथ फिल्म की रिलीज डेट की भी अनाउंसमेंट कर दी गई है. फिल्म 21 जुलाई को प्राइम पर रिलीज की जाएगी. वरुण और जाह्नवी ने अपने-अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का एक सीन शेयर करते हुए बताया था कि फिल्म का टीजर बुधवार को 12 बजे रिलीज किया जाएगा. इस सीन में जाह्नवी प्रिंटेड रेड ड्रेस और वरुण शर्ट-पैंट्स में नजर आ रहे हैं. यह एक रोमांटिक तस्वीर है. दोनों ने ही इस तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा- तुम प्यार करने देते तो कितना प्यार करते. नितेश तिवारी और साजिद नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्म छिछोरे के बाद एक बार फिर इस फिल्म के लिए साथ आए हैं. पहले यह फिल्म अक्टूबर में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह फिल्म 21 जुलाई को ओटीटी पर रिलीज की जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, नितेश तिवारी ने इस फिल्म के लिए कहा- फिल्म की शूटिंग भारत के तीन लोकेशन और यूरोप के पांच देशों में की गई है. इसकी कहानी बहुत आकर्षक हैं और विजुअल्स ड्रेमेटिक हैं. फिल्म में वरुण और जाह्नवी की जबरदस्त कैमेस्ट्री देखने को मिलेगी. प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने से यह देश-विदेश के ऑडियंस तक पहुंच पाएगी. हमने इस फिल्म के लिए बहुत पैशन और कमिटमेंट से काम की है. हम ऑडियंस का रिएक्शन देखने के लिए बेकरार हैं साजिद नाडियावाला की टीम ने उनका एक बयान शेयर किया था, जिसमें लिखा था- बवाल मेरे लिए बहुत ही स्पेशल फिल्म है. नीतेश तिवारी के साथ फिर से काम कर के बहुत मजा आया. वरुण और जाह्नवी ने फिल्म में अपना बेस्ट दिया है।

सोनम बाजवा की फिल्म कैरी ऑन जट्टा 3 धूम मचा रही है

एक्ट्रेस सोनम बाजवा की फिल्म कैरी ऑन जट्टा 3 धूम मचा रही है. फिल्म ने 6 दिन में ही 24.30 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. वहीं वर्ल्डवाइड फिल्म 50 करोड़ का आकड़ा पार करके ब्लॉकबस्टर हिट हो गई है।

सोनम बाजवा पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री का पॉपुलर नाम बन गई हैं. हालांकि, उनके लिए ये सब आसान नहीं रहा है. एक्ट्रेस ने हिंदी फिल्मों के लिए भी ऑडिशन दिए थे, लेकिन इसमें उन्हें सक्सेस हाथ नहीं लगी थी. सोनम ने बताया था कि शूटिंग शुरू होने से 6 दिन पहले उन्हें एक हिंदी प्रोजेक्ट से हटा दिया गया था. जब उनसे पूछा गया कि क्या वो बॉलीवुड के लिए अभी भी ऑडिशन देती हैं और हिंदी फिल्म में काम करने की इच्छा रखती हैं। इस पर उन्होंने कहा, अगर मैं अब ऑडिशन दूं और ऑडिशन में सफल नहीं हो पाती हूं तो इससे मैं अपसेट नहीं होती हूं. लेकिन पहले छह-सात साल पहले की अपनी जर्नी को देखूं तो इससे मुझे बहुत तकलीफ होती थी. जैसे, मैं यहां फिल्म क्यों नहीं कर रही हूं. या किसी ने फिल्म की शूटिंग से छह दिन पहले मुझे क्यों निकाल दिया सोनम ने आगे कहा, मैंने एक बहुत बड़े प्रोडक्शन हाउस के साथ तीन फिल्मों की डील साइन की. इसके लिए मैंने प्रॉपर वर्कशॉप की. मैंने फिल्म के लिए कुछ स्किल्स भी सीखे. लेकिन छह दिन पहले उन्होंने कहा कि डायरेक्टर बेहद नर्वस हैं, क्योंकि ये उनकी पहली फिल्म है और आप बहुत शांत हैं. लेकिन अब जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो मुझे लगता है,वाह, भगवान ने सचमुच मुझे बचा लिया. उन्होंने कहा था, मैंने कुछ हिंदी फिल्में साइन की. लेकिन किसी न किसी कारण से बात नहीं बन पाई थी. उस वक्त मेरा दिल टूट गया था. मैंने सभी को बता दिया था. मेरे पेरेंट्स को पता था कि मैंने 3 फिल्मों की डील साइन की है। मैं डेब्यू करने जा रही हूं. लेकिन उस वक्त ये छिपा हुआ आशीर्वाद था. वहीं बता दें कि सोनम अपने स्किन कलर को लेकर भी बुली हुई हैं। उन्होंने बताया था कि मैं बचपन से ही स्किन कलर को लेकर बुली हुई हूं. मैं पंजाबी फैमिली से आती हूं और बहुत गोरी-चिट्टी नहीं हुआ करती थी। कुछ रिश्तेदार मुझे घर ही नहीं बुलाते थे।

निकिता रावल ने बिखेरा हुस्न का जलवा

एक्ट्रेस निकिता रावल एक सोशल मीडिया सेंसेशन हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। वहीं, निकिता रावल ने लेटेस्ट ग्लैमरस आउटफिट के साथ अपनी बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जो फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस निकिता रावल का ये अंदाज फैंस का काफी लुभा रहा है। हॉटनेस और ग्लैमरस अंदाज की मालकिन निकिता रावल फैंस पर कहर बरपाने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। एक्ट्रेस निकिता रावल ने रेड कलर की लेटेस्ट आउटफिट में कई बोल्ड पोज दिए। उनकी ये तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। लेटेस्ट हॉट लुक में एक्ट्रेस निकिता रावल अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। निकिता रावल की तस्वीरों में इतनी कामुकता है कि फैंस उनकी तस्वीरों को देखकर आहें भर रहे हैं। निकिता रावल की तस्वीरें देखकर फैंस बेताब हो रहे हैं। एक्ट्रेस निकिता रावल इस आउटफिट में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। खूबसूरत दीवा निकिता रावल हिट कॉमेडी फिल्म गरम मसाला में भी नजर आ चुकी हैं। तस्वीरों को देखकर लोग कमेंट्स कर रहे हैं। साथ ही एक्ट्रेस का ये बोल्ड अंदाज देखकर हर कोई मदहोश है। एक्ट्रेस अपनी कातिलाना अदाओं से भरपूर तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं।

फिल्म सालार का टीजर रिलीज, प्रभास के धांसू अवतार ने उड़ाए होश

'केजीएफ' फेम डायरेक्टर प्रशांत नील की अपकमिंग फिल्म 'सालार' का टीजर जारी कर दिया गया है. प्रभास स्टारर मोस्ट अवेटेड फिल्म की टीजर जारी होते ही ये छा गया है. फैंस को ट्रीट देते हुए एक्शन-थ्रिलर फिल्म का टीजर 6 जुलाई, गुरुवार को सुबह 5 बजकर 12 मिनट पर जारी किया गया है. 'सालार' का टीजर काफी धांसू लग रहा है. रिलीज होने के कुछ ही घंटे में ये वायरल हो गया है. टीजर के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है. टीजर शुरू होते ही स्क्रीन पर एक टीनू आनंद गाड़ी पर बैठा हुआ नजर आते है. बंदूकों से लैस कई लोग उन्हें टारगेट बनाते हुए नजर आते हैं. इसके बाद गाड़ी पर बैठे हुए टीनू आनंद कहते है नो कंफ्यूजन आई एम चीता, टाइगर, एलिफेंट...वेरी डेंजरस, बट नॉट इन जुरासिक पार्क, क्योंकि उस पार्क में... ये कहकर वे चुप हो जाते हैं. इसके बाद प्रभास की दमदार एंट्री होती है जो हाथ में चाकू और राइफल लिए दुश्मनों पर कहकर बनकर टूटते हैं. प्रभास का ये

खूंखार रूप देखकर रौंगटे खड़े हो जाते हैं. टीजर में पृथ्वीराज सुकुमारन की झलक से ऐसा लग रहा है कि वे फिल्म में विलेन की भूमिका निभा रहे हैं. सालार के टीजर ने केजीएफ की याद ताजा कर दी हैं. ओवरऑल टीजर में मिले एक्शन की झलक ने लोगों के होश उड़ा दिए हैं. रिलीज होने के आधे घंटे के भीतर इसे ढाई लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके थे. वहीं टीजर से ये अंदाजा तो हो गया है कि 'सालार' फुल ऑन जबरदस्त एक्शन वाली फिल्म होगी. वहीं फिल्म में तेलुगु सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में से एक, प्रभास के अलावा श्रुति हासन, पृथ्वीराज सुकुमारन, जगपति बाबू, ईश्वरी राव और श्रिया रेड्डी भी अहम रोल प्ले कर रहे हैं।

पीएम के कहने पर संन्यास से लौटे बांग्लादेशी कप्तान

बांग्लादेश के वनडे कप्तान तमीम इकबाल ने एक ही दिन में अपने संन्यास के फैसले को वापस ले लिया है। इकबाल ने रिटायरमेंट वापसी का फैसला बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के कहने पर लिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, तमीम ने शुक्रवार दोपहर को पत्नी के साथ बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात थी। उनके साथ बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजुमल हसन और टीम के पूर्व कप्तान मशरफे मुर्तजा भी थे। वर्तमान में अफगानिस्तान की टीम बांग्लादेश के दौरे पर है। टीम को तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद इकबाल की कप्तानी की आलोचना की जा रही थी। जिसके बाद तमीम इकबाल ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में वनडे इंटरनेशनल से रिटायरमेंट की घोषणा कर दी।

13वें पैन अरब गेम्स अल्जीरिया में

पैन अरब गेम्स का 13वां संस्करण शुरू होगा और 15 जुलाई तक चलेगा, जिसमें अरब लीग के सभी 22 सदस्य देश 20 अलग-अलग खेल विधाओं में भाग लेंगे। खेलों की मेजबानी अल्जीरिया के पांच शहरों अल्जीयर्स, ओरान, कॉन्स्टेंटाइन, अन्नाबा और टिपाज़ा में की जाएगी। राजधानी अल्जीयर्स एक केंद्रीय भूमिका निभाएगा क्योंकि यह 5 जुलाई को स्टेडियम में भव्य उद्घाटन और समापन समारोह की मेजबानी करेगा। पैन अरब गेम्स अरब एथलीटों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने और क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता के उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच के रूप में काम करते हैं। एथलीट एथलेटिक्स, फुटबॉल, बास्केटबॉल, तैराकी और टेनिस जैसी स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

भाग लेने वाले देशों के बीच मैत्रीपूर्ण प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के अलावा, खेलों का उद्देश्य खेलों के चार्ट में निहित मूल्यों के अनुसार सांस्कृतिक आदान-प्रदान और एकता को बढ़ावा देना भी है। अल्जीरिया में स्वतंत्रता और युवा दिवस खेलों की शुरुआत के साथ मेल खाता है, क्योंकि अधिकारियों का लक्ष्य मेहमानों के साथ इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को मनाना है।

गांगुली ने बीसीसीआई को दी ये खास सलाह

नई दिल्ली । भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने वनडे विश्व कप के लिए बीसीसीआई और टीम मैनेजमेंट से अनुभवी लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल पर नजर रखने की सलाह दी है। चहल पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया का हिस्सा थे, लेकिन उन्होंने एक भी मैच खेलने को नहीं मिला था। भारतीय टीम सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हारकर बाहर हो गई थी। गांगुली को लगता है कि भारत के पास कुलदीप यादव और रवि बिश्नोई जैसे कुछ और अच्छे रिस्ट (कलाई) स्पिनर्स हैं, लेकिन चहल वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं। गांगुली ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा- बिश्नोई और कुलदीप अच्छे स्पिनर्स हैं, लेकिन चहल किसी बड़े टूर्नामेंट में खेलने से चूक जाते हैं। वह क्रिकेट के छोटे प्रारूपों में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते रहे हैं, चाहे वह 20 ओवर का हो या 50 ओवर का। उन पर नजर रखना महत्वपूर्ण है। गांगुली ने यह भी कहा कि साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के लिए रिस्ट स्पिनर्स को खेलना मुश्किल लगता है। खासतौर जब मैच भारतीय कंडीशन में हो तो उनके लिए और मुश्किल खड़ी हो जाती है। इसी के साथ गांगुली ने कहा- जब आप ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने उतरेंगे, तो एक रिस्ट स्पिनर इन परिस्थितियों में अंतर पैदा कर सकता है। 2011 वनडे विश्व कप में पीयूष चावला थे। उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की थी। पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष ने इस बात पर भी जोर दिया कि जब-जब स्पिनर्स ने वर्ल्ड कप में विकेट निकाल कर दिए हैं, तब-तब भारत ने टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, जब हम 2007 में टी20 विश्व कप खेलने दक्षिण अफ्रीका गए थे, तो वहां भी हमारे कलाई के स्पिनरों ने तेज गेंदबाजों के साथ मिलकर अच्छी गेंदबाजी की थी। हरभजन सिंह उस टीम में थे। मुझे लगता है कि भारतीय परिस्थितियों में एक रिस्ट स्पिनर को रखना बेहद महत्वपूर्ण होगा। भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत आठ अक्तूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा। वहीं, भारत-पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 15 अक्तूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

अब ऑनलाइन गेमिंग खेलने पर लगेंगे पैसे

नई दिल्ली। जल्द ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो, हॉर्स रेसिंग खेलना महंगा पड़ सकता है। जीएसटी कॉउंसिल जल्द इसपर 28प्रतिशत जीएसटी का ठप्पा लग सकता है। जानकारी के मुताबिक 11 जुलाई को होने वाली जीएसटी कॉउंसिल की बैठक में इसपर मुहर लग सकती है। हालांकि, गोवा इस टैक्स दर को कम करने की मांग कर रहा है और 28 प्रतिशत जीएसटी से सहमत नहीं है। त्रश्वरूतीनों गेमों पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने को मंजूरी दे चुका है। बता दें, 11 जुलाई को जीएसटी की बैठक में अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होगी। कसीनो, रेसकोर्स और ऑनलाइन गेमिंग पर टैक्स से जुड़े मुद्दों की जांच के लिए मंत्रियों के ग्रुप त्रह्लरू28त्र जीएसटी पर सहमत हुआ है। त्रश्वरू इन तीनों गेमों पर 28त्र जीएसटी लगाना चाहता है। 11 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली परिषद ये भी डिसाइड कर सकती हैं कि ये तीनों सट्टेबाजी और जुए के दायरे में आएंगे या नहीं।

एशियन गेम्स में जाएगी मेंस-विमेंस टीम

BCCI ने शुक्रवार को हुई एपेक्स मीटिंग में दो बड़े फैसले लिए है। इसमें पहला फैसला एशियन गेम्स को लेकर लिया गया। इस साल 28 सितंबर से चीन के हांगझू शहर में होने वाले एशियन गेम्स में भारत पहली बाद मेंस और विमेंस क्रिकेट टीम भेजेगा।वहीं, दूसरी ओर डोमेस्टिक टी-20 टूर्नामेंट सय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी में IPL की तर्ज पर इम्पैक्ट प्लेयर रूल पूरी तरह लागू किया जाएगा।

2010 ग्वांगझू, चीन और 2014 इंचियोन, साउथ कोरिया में हुए एशियाड में भी मेंस और विमेंस क्रिकेट के इवेंट हुए थे। 2010 में बांग्लादेश ने मेंस और पाकिस्तान ने विमेंस कैटेगरी में गोल्ड जीता था। वहीं, 2014 में श्रीलंका की पुरुष और पाकिस्तान की महिला टीम चैम्पियन बनी थी। 2010 एशियाड में बांग्लादेश, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, श्रीलंका, चीन, हॉन्गकॉन्ग, मलेशिया, नेपाल और मालदीव की मेंस टीमें शामिल हुई थीं। जबकि पाकिस्तान, बांग्लादेश, जापान, चीन, नेपाल, थाईलैंड, हॉन्गकॉन्ग और मलेशिया की टीमों ने महिला इवेंट में हिस्सा लिया था। BCCI मेंस टीम के

साथ विमेंस क्रिकेट टीम को भी एशियन गेम्स में उतारेगी। भारतीय विमेंस टीम दूसरी बार मल्टीस्पोर्ट्स इवेंट में हिस्सा लेगी। इससे पहले विमेंस टीम 2022 के बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा ले चुकी है, जो ICC या ACC का इवेंट नहीं था। एशियन गेम्स हर 4 साल में होते हैं, 2018 के दौरान इसमें क्रिकेट को शामिल नहीं किया गया। 2022 में कोरोना महामारी के कारण एशियन गेम्स पोस्टपोन किए गए, अब 2023 में गेम्स होंगे, इसमें फिर से क्रिकेट को शामिल किया गया है।

आखिरी सुपर-6 मैच में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया

श्रीलंका ने CWC क्वालिफायर में अपना विजयी अभियान जारी रखा है। श्रीलंकाई टीम ने आखिरी सुपर-6 मुकाबले में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया।इस टूर्नामेंट में यह श्रीलंकाई टीम की 7वीं टीम है। टीम ने एक भी मुकाबला नहीं गंवाया है। फाइनल में दासुन शनाका की कप्तानी वाली श्रीलंकाई टीम का सामना 9 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में नीदरलैंड से होगा।इसी मैदान पर शुक्रवार को श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। कैरेबियाई टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 48.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 243 रन बनाए। 244 रन का टारगेट श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने 44.2 ओवर में दो विकेट पर हासिल कर लिया। ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा प्लेयर ऑफ द

मैच रहे। उन्होंने अपने कोटे के दस ओवर की गेंदबाजी में 34 विकेट लेकर 4 विकेट हासिल किए। टॉस हारकर खेलने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 36 के टीम स्कोर पर पहला विकेट गंवाया। यहां ओपनर ब्रैंडन किंग (10 रन) को महीश तीक्षणा ने बोल्ड कर दिया। उसके बाद शरमाई ब्रूक्स 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उन्हें भी तीक्षणा ने ही आउट किया। 2 रन के स्कोर पर ही तीक्षणा ने कप्तान शाई होप को भी आउट किया। ऐसे में टीम का टॉप और मिडिल ऑर्डर दवाब में आ गया। टीम ने 81 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे।ऐसे में कीसी कार्टी ने 87 रन की पारी खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। निचले क्रम में रोमारियो शेफर्ड ने 26 और केविन सिंक्लेयर ने 25 रन का योगदान देकर टीम का स्कोर 243 रन तक पहुंचाया। श्रीलंकाई टीम की ओर से ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा ने 34 रन देकर चार विकेट चटकाए। दासुन हेमंता को दो सफलताएं मिली। एक-एक विकेट दिलशान मदुशंका, दासुन शनाका, मथीश पथिराना और सहान अरच्चिगे को मिला।

न्यूज गैलरी

दो पक्षों में मारपीट, एफआईआर दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीपत पंथी के पास एक दो पक्ष भिड़ गए। उनके बीच मारपीट हुई। बाद में दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पहली एफआईआर देवरीडीह निवासी रविशंकर लास्कर पति स्व. परदेशी लाल (29) ने दर्ज कराई। उसके अनुसार वह राज मिस्त्री है। 5 जुलाई को बाइक से देवरीखुर्द जा रहा था। रास्ते में बोरी फैक्ट्री के आगे शनि मंदिर मो पर 9.30 बजे सेलर का अभिषेक केंवट तीन साथियों के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की और पत्थर से हमला भी किया। दूसरी ओर से ग्राम सेलर निवासी अभिषेक केंवट (31) ने एफआईआर दर्ज कराई। 5 जुलाई की सुबह 9.30 बजे बाइक से लगरा जा रहा था। पंथी बोरा फैक्ट्री के पास कुछ लोग झग रहे थे। समझाने के लिए ठहरा तो रवि शंकर ने अपने साथी के साथ हाथ मुक्का व बेल्ट से मारपीट की। इससे चोट लगी।

सेक्रो सदस्यों ने किया पौधरोपण

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल की महिला कल्याण संगठन (सेक्रो) ने पर्यावरण के प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से पौधरोपण किया। पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन बिलासपुर मंडल ने लिटिल बन्नी स्कूल के प्रांगण में अध्यक्ष श्रद्धा पाण्डेय, उपाध्यक्षा डॉ. रश्मि देवांगन, सचिव मीरा यादव,संध्या रंगाराव सहित अन्य सेक्रो सदस्याओं ने फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया।

कीर्तन दरबार सजा, नानक की प्रसंग सुनाए

बिलासपुर/नवप्रदेश। जरहाभाठा स्थित धन गुरु नानक दरबार डेरा संत बाबा थाहीरिया सिंह दरबार में मेहरबान सिंह साहिब की याद में महान कीर्तन दरबार सजा। इस अवसर पर उल्हासनगर महाराष्ट्र से आए साहब यंग मैन द्वारा सत्संग-कीर्तन से संगत को निहाल किया गया। नादेड़ से आए राजवीर सिंह ने गुरु नानक देव के कई प्रसंग सुनाए। गुरुवाणी से साध-संगत को निहाल किया। सत्संग-कीर्तन के आखिर में मूलचंद नारवानी के द्वारा विश्व कल्याण के लिए अरदास की गई। प्रसाद वितरण किया गया। गुरु का अटूट लंगर बरता गया। इस अवसर पर दरबार साहब के प्रमुख प्रबंधक मूल नरवानी, धर्मवीर दयलानी, सेवादार डॉ. हेमंत कलवानी, पूर्व पार्षद सुरेश वाधवानी, प्रकाश जज्ञासी, नानक पंजवानी, विजय दुसेजा, राजू धामेचा, जगदीश सुखीजा, चंदू मोटवानी, नरेश मेहरचंदानी, भोजराज नारवानी, मेघराज नारा, शंकर हिरवानी, विकास बजाज, अनीता नरवानी, पलक हरजपाल, कंचन रोहरा, पलक मखीजा, राखी इदनानी, वर्षा सुखीजा, कशिश जेसवानी, गंगाराम सुखीजा, बलराम रामानी, रमेश भागवानी व अन्य मौजूद रहे।

लोगों को समझाया शिक्षा का महत्व

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्राम रिसदा के प्राइमरी स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान अतिथियों ने पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों को मिठाई खिलाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही उनके पग चिन्ह व हमर बगिया के नया फूल के तहत सेल्फी ली गई। इस दौरान बच्चों को यूनिफॉर्म व किताबें भी दी गई। इसके बाद बच्चों ने पूरे गांव में रैली निकाली और नारे लगाकर ग्रामवासियों से अपने बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सभापति दामोदर कांत, विशिष्ट अतिथि सरपंच संतोषी खंडे, संकुल समन्वयक चंदेल, एसएमसी के अध्यक्ष विशंभर कैवर्त, प्रधान पाठक लालाराम कुर्रे, बृजेश्वर खांडे, टीआर जोशी, प्रधान पाठक वृंदा राज, रामधन पटेल, योगेश चंदेल, चन्द्र कुमार खांडे, मंजुलता साण्डे, मंजुराज, मनोरम दिनकर, सविता लहरे, उमा उरांव सहित अन्य मौजूद रहे।

आज अग्रवाल समाज का सम्मान समारोह

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वच्छता दूतों की वजह से ही है स्वर्ग जैसी जिंदगी हमारी है, इस उद्देश्य को लेकर अग्रवाल समाज सम्मान समारोह का आयोजन करने जा रहा है। अग्रवाल समाज 9 जुलाई को 150 सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करेगा। सम्मान समारोह दोपहर 12.30 बजे से अग्रसेन भवन में होगा। आयोजन अग्रवाल सभा बिलासपुर, अग्रवाल नवयुवक समिति द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में शामिल होने कहा गया है।

दो पक्षों के बीच मारपीट, दो गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मैग्नेटो मॉल के पास कांग्रेस के दो पक्षों के बीच हुए मारपीट और जानलेवा हमला के दो आरोपियों को पुलिस ने फिर गिरफ्तार किया। ग्राम मोहतरा निवासी घायल विश्वजीत सिंह अनंत की रिपोर्ट पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से पहचान कर इन्हें पकड़ा। मुख्य आरोपी नीतेश सिंह ठाकुर अपने इन्हीं साथियों के साथ रास्ता रोककर विश्वजीत के साथ मारपीट करते हुए नजर आ रहा है। वह अभी घायल है और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 341, 323,506, 34 व 307,294 भादवि व 3(2)(वी) एट्रोसिटी का केस दर्ज किया है। बुधवार को आरोपी राहुल उर्फ अनुराग सोनकर (20) देवरीखुर्द तोरवा व विशाल सोनकर (27) दयालबंद नयापारा को गिरफ्तार किया।

चोरी की बाइक बेचते आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने चोरी की दो बाइक के साथ नाबालिग को गिरफ्तार किया। उसका साथी भाग निकला। हिर्री टीआई हरविंदर सिंह के अनुसार बुधवार को सूचना मिली कि नाबालिग अपने साथी के साथ भोजपुरी टोल प्लाजा के पास चोरी की बाइक बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। पुलिस ने वहां पहुंची तो एक नाबालिग बाइक क्रमांक सीजी 10 ईई 0579 के साथ मिला। वहां बाइक थे। दोनों चोरी के थे। बताया वह अपने साथी करन साहू (20) कुंदरापारा सिरगिट्टी के साथ मिलकर दोनों को चोरी की थी। करन बाइक छो?कर भाग निकला।

बंधवापारा में 10 जुआरी दबोचे गए

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने सरकंडा क्षेत्र में बंधवापारा पारा प्रधानमंत्री आवास के पास चल रहे फड़ से 10 जुआरियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 99120 रुपए बरामद हुआ। कार्रवाई सरकंडा पुलिस व एसीसीयू ने संयुक्त रूप से की। पकड़े गए आरोपियों में संजय गढ़ेवाल कतियापारा दुर्गा चौक, दीपक रजक उर्दई चौक कतियापारा, निलेश यादव डबरीपारा, अविनाश पंजवानी कतियापारा, संजय कटोरे बंधवापारा, राकेश पाटनवार डीएलएस कॉलेज के पास मुरुम खदान सरकंडा, रवि कुमार रजक डबरीपारा,राजेश रजक बंधवापारा, नंद किशोर यादव डबरीपारा,राकेश डुसिया चांटापारा शामिल है।

सूने घर से 20 हजार की चोरी

.बिलासपुर/नवप्रदेश। रिटायर्ड शिक्षक अपने बेटे-बहू के घर घूमने शहर आए थे। गांव के सूने मकान से चोर ताला तोकर 15 हजार रुपए कैश व जेवर सहित करीब 20 हजार रुपए का माल ले गए। घटना कोनी थाना क्षेत्र की पुलिस चोरों का सुराग लगाने में जुटी हुई है। ग्राम जलसो वार्ड नंबर 16 निवासी दिनेश्वर दास वैष्णव पिता स्व. विश्राम दास (63) सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। 2 जुलाई की सुबह करीब 11 बजे वे अपनी पत्नी शकुंतला के साथ घर में ताला लगाकर सरकंडा गीतांजली सिटी अपने बेटा- बहू के घर घूमने आए थे।

6 जुलाई की सुबह 6 बजे भाई गुलाब दास ने फोन कर उनके घर के गेट व अंदर कमरे के दरवाजे का ताला टूटे होने की जानकारी दी तो रिटायर्ट

नाला निर्माण के दौरान गिरी 3 मंजिला ईमारत

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंगला चौक पर स्थित श्रीराम मेडिकल दुकान की तीन मंजिला बिल्डिंग शनिवार की सुबह 6.40 बजे अचानक भरभरा गिर गई। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। बिल्डिंग से सटाकर नगर निगम नाला निर्माण करा रहा है। बिना मापदंड व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए इस निर्माण को ही घटना की मुख्य वजह बताई जा रही है। घटना के बाद मंगला चौक व्यापारी संघ के अलावा आसपास के लोगों में भारी आक्रोश है। घटना में फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। लेकिन, घटना के बाद दहशत का माहौल है।

शहर में इन दिनों नाला व नाली का चौतरफा निर्माण हो रहा है। एक साथ निर्माण की वजह से जहां मार्ग बंद हो गए है वहीं इसकी वजह से जाम भी लगता है। निर्माण में सबसे बड़ी लापरवाही यह है कि एक भी मापदंड के अनुसार नहीं हो रहे हैं। सुरक्षा के इंतजाम करने में लापरवाही बरती जा रही है। निगम के अधिकारियों को इतनी फुर्सत नहीं है कि जांच कर जरूरी इंतजामो को लेकर दिशा - निर्देश दे सके। मंगला चौक में निर्माणधीन नाला निर्माण में भी यहीं देखने को मिल रहा था। श्री राम मेडिकल दुकान की बिल्डिंग से सटाकर नाले के लिए गड्ढे खोदे जा रहे थे। गड्ढे की खुदाई के लिए जेसीबी आदि का उपयोग किया जा रहा है। इसी वजह से बिल्डिंग की नींव कमजोर हो गई और पूरी बिल्डिंग भरभराकर गिर गई। जिस समय यह हादसा हुआ आसपास चाय - नास्ते की दुकानों में लोग मौजूद थे। इसके अलावा मॉर्निंग वाक करने वाले सड़क पर थे। अच्छी बात यह है कि वह दूर थे। यदि सड़क से कोई गुजरते रहता या इसके नजदीक खड़े रहते तो चपेट में आ सकते थे। बिल्डिंग जब गिरा तो आसपास के बिजली खंभे भी सीधे सड़क पर जा रहे। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में घटना स्थल पर भीड़ जुट गई। श्री राम दुकान के संचालक को भी सूचना दी गई। वह मौके पर पहुंचे और दुकान की हालत देख उनकी आंखें डबडबा गई। हालांकि तब तक और भी व्यापारी पहुंच चुके थे। सभी दुकान संचालक भरोसा दिलाते नजर आए। लोगो ने नगर निगम को लेकर भारी आक्रोश भी देखने को मिला। घटना की सूचना मिलने एक घण्टे बाद सिविल लाइन टीआई परिवेश तिवारी मौके पर पहुंच गए। इस बीच सड़क पर बिखरे मलबे को हटाने के लिए जेसीबी बुलाए।

पुलिस की भूमिका पुलिसिंग तक सीमित नहीं, प्रिवेंटिव वर्क भी कर रहे : एसपी

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसपी संतोष कुमार सिंह गुरुवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में पहुना बनकर पहुंचे। पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पुलिस की भूमिका अब सिर्फ घटनाक्रम के बाद पुलिसिंग तक ही सीमित नहीं रह गई है, बल्कि पुलिस अब प्रिवेंटिव वर्क को बेहतर तरीके से कर रही है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ चलाया जा रहा ÷निजात÷ अभियान एक जन आंदोलन है। इस अभियान को सामूहिक प्रयास से ही सफल बनाया जा सकता है। अभियान को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। एक भी व्यक्ति अगर नशा छोड़ देता है तो यह अभियान की एक बड़ी सफलता होगी। अभियान निश्चित रूप से एक अच्छी मंशा के साथ शुरू किया गया है, आगे इसके परिणाम और बेहतर आएंगे। विद्यार्थी जीवन में उन्होंने कभी प्रशासनिक अधिकारी बनने की कल्पना भी नहीं की थी। शुरू से ही अध्यापन के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाह रहे थे पर अचानक उनका रुझान यूपीएससी की ओर बढ़ा और वो आईपीएस ऑफिसर बन गए। राजनीति शास्त्र में गहन दिलचस्पी रखने वाले आईपीएस ऑफिसर संतोष सिंह अंतरराष्ट्रीय विषय में खासी दखल रखते हैं। एसपी ने बताया कि उनके पिता भी पत्रकार रहे हैं और वे पत्रकारिता की चुनौतियों को जानते हैं। एसपी ने पत्रकारों की समाज में भूमिका को अहम बताया और कहा कि समाज को सदैव बेहतर पत्रकारिता की जरूरत है।

पानी में डूबा तुर्काडीह स्कूल

बिलासपुर/नवप्रदेश। बारिश होने के कारण शासकीय प्राथमिक स्कूल परिसर में पानी भर गया है जिसके कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रहा है शासकीय प्राथमिक शाला तुर्काडीह में पानी भरने के चलते चारों तरफ कीचड़ है, जिससे आसपास गंदगी फैली है। ऐसी स्थिति में वहां शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। ये पहला ऐसा स्कूल नहीं जहां स्कूल में पानी भर जा रहा है। इसके पहले भी दर्जनों शासकीय स्कूलों में पानी भरने की समस्या रहती है।

शिव का बेल पत्र और मेवे से श्रृंगार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सावन का महीना शुरू होते ही मंदिरों में भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। भगवान का विशेष श्रृंगार हो रहा है। सावन के तीसरे दिन पीतांबरा पीठ सुभाष चौक सरकंडा स्थित त्रिदेव मंदिर में शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का बेल पत्र और सुखे मेवे से श्रृंगार किया गया। दुग्धाभिषेक और रुद्राभिषेक किया गया।

इसके अलावा मंदिर में 27 नवंबर तक चलने वाला पीतांबरा हवन-यज्ञ चला। 27 नवंबर तक 36 लाख आहुति देने का संकल्प है। तीसरे दिन पूजा में हाईकोर्ट के रमाकांत मिश्रा शामिल हुए। पीठाधीश्वर आचार्य दिनेश जी महाराज ने बताया कि भगवान शंकर को बेलपत्र बेहद प्रिय है। बिल्व पत्र के पूजन से सभी पापों का नाश होता है।

योजना के तहत स्कूली बच्चों को मिली किताबें, यूनिफार्म, साइकिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय दयालबंद में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन गुरुवार को किया गया। बच्चों का तिलकर लगाकर अभिनंदन किया गया। साथ ही पुस्तकें और यूनिफॉर्म का वितरण किया गया। 9वीं की बालिकाओं को साइकलें दी गई। छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। शाला प्रवेशोत्सव में खास बात रही कि बच्चों को मुख्य मंच पर बाल अतिथि के रूप आमंत्रित किया गया था। उनको अतिथियों और जनप्रतिनिधियों के साथ मंच पर बैठाया गया था। इनमें चकरभाठ की कुमारी रोशनी एवं युगल श्रीवास शामिल थे। इन बच्चों के पिता का निधन कोरोना काल में हुआ था। शासन की महतारी दुलार योजना के तहत शिक्षा विभाग ने इन बच्चों को गोद लिया और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय छपोरा एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बिलासपुर में प्रवेश दिलाया। दोनों बच्चों ने मंच से बताया कि सरकार की योजना का उन्हें लाभ मिला है, इस योजना से ही वे पाई कर रहे हैं। मेहनत से पाई कर मेरिट में बनाएं जगह-पाण्डेय विधायक शैलेष पाण्डेय ने बच्चों से कहा कि आप सभी पूरी मेहनत के साथ पाई करें और मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बनाकर अपने अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यालय और जिले का नाम रोशन करें। जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय के रूप में प्रदेशवासियों को ऐसी सौगात दी है, जिसने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा छात्राओं को साइकिल भी दी गई है। सेजेस चिंगराजपारा एवं दयालबंद के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

५ सूत्रीय मांगों को लेकर अधिकारी कर्मचारी संघ की हड़ताल जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। महंगाई भत्ता, सातवें वेतनमान के आधार पर गृह भाड़ा सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों ने एक बार फिर से एक दिवसीय आंदोलन किया। शुक्रवार की सुबह से सरकारी विभागों के कार्यालयों में ताले लटकते मिले। काम-काज पूरी तरह ठप रहा। संयक्त मोर्चा संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा समय-समय पर ज्ञापन, धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन के माध्यम से डीए, एचआरए सहित पांच सूत्रीय मांगों के संबंध में शासन का ध्यानाकृष्ट कराया जाता रहा है।

शासकीय अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षकों ने एकजुट होकर शुक्रवार को एक दिवसीय काम बंद आंदोलन किया। इस हड़ताल की जानकारी पहले से प्रशासन को दे दी गई है। एक दिवस का सामूहिक अवकाश लेकर ब्लाक, तहसील व जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन किया गया। हड़ताल को लेकर संयुक्त मंच द्वारा जिले के कृषि महाविद्यालय, संयुक्त संचालक कृषि, कृषि अभियांत्रिकी महिला पालिटेक्निक, पुरुष पालिटेक्निक, इंजीनियरिंग महाविद्यालय, मेंटल हास्पिटल, रोजगार एवं पंजीयन कार्यालय, संचालक समेत अन्य विभाग के कर्मचारी आंदोलन में शामिल हैं।

छठवें वेतनमान के आधार पर देव गृह भाड़ा भत्ते को सातवें वेतनमान के आधार पर पुनरीक्षित करने। राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केन्द्र के सामान देव तिथि से महंगाई भत्ता स्वीकृत करने। पिंगुआ कमेटी एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में वेतन विसंगति हेतु गठित समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने। कांग्रेस पार्टी के जन घोषणा पत्र के क्रियान्वयन करते समस्त कर्मचारियों को चार स्तरीय वेतनमान, अनियमित संविदा एवं दैवेभो को नियमित करने। पुरानी पेंशन में प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना की जावे एवं पूर्ण पेंशन का लाभ अर्हतादायी सेवा 33 वर्ष के स्थान पर 25 वर्ष करें। संयुक्त मोर्चा संघ ने शासन को याद दिलाने के लिए शुक्रवार को एक दिवसयी आंदोलन किया। यह आंदोलन सिर्फ सरकार को जानकारी देने के लिए किया गया।

भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य ने ली बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य टीना बैटिक ने भाजपा जिला कार्यालय बिलासपुर में महिला मोर्चा की बैठक लेकर जिला महिला मोर्चा के संगठनात्मक स्थिति का हाल जाना। अपने दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम में पहुंची बैटिक ने बिलासपुर जिला में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर रही भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों सदस्य से सीधा संवाद कर मोर्चा द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन एवं कार्यक्रमों की जानकारी ली। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की घोषणा पत्र में शराब बंदी की बात कही गई थी, परंतु सत्ता पाते ही सरकार अपने वादे से मुकर गई, वृद्धा पेंशन, बेरोजगारी भत्ता पर अमल नहीं किया। रेडी टू ईट चला रही बीस हजार महिलाओं से उनका रोजगार छीन लिया। इस तरह राज्य सरकार के खिलाफ प्रदेश में अनेक मुद्दे हैं, जिनको लेकर हमें बूथों पर जाना होगा। इसके लिए हमें धरना प्रदर्शन आंदोलन भी करने

कलेक्टर ने कहा किसानों की न्याय योजना की राशि तत्काल करें भुगतान

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत जिले के बचे हुए लगभग 2393 किसानों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान एक सप्ताह में करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राजस्व, कृषि विभाग एवं सहकारी बैंक अफसरों को एक अभियान चलाकर एक-एक किसान से सम्पर्क कर उनके मामले का गंभीरता से निराकरण करने को कहा है। कलेक्टर ने कहा कि खेती किसानी के काम में अब तेजी आ गई है। इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने टीएल की बैठक में अधिकारियों को जवाब के साथ उपस्थित होने को कहा है। बिलासपुर जिले में खरीफ वर्ष 2022 के अंतर्गत इस साल रिकार्ड संख्या में 1 लाख 18 हजार किसानों ने समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों में धान बेचे थे। इनमें से अब तक की स्थिति में मात्र 2393 किसानों को छोड़कर 1 लाख 16 हजार के लगभग किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की राशि का भुगतान किया जा चुका है। बिलासपुर से प्रकाशित एक समाचार पत्र में जिले में 18 हजार किसानों की 20 करो? बोनस राशि अटकने संबंधी खबर का कृषि विभाग ने खण्डन करते हुए इसे तथ्य से परे बताया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने विगत 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि पर बटन दबाकर किसानों के खातों में राशि जमा कराई है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न तकनीकी कारणों से सत्यापन नहीं किये जाने के कारण कुछ किसानों के भुगतान में विलंब हुआ है। इनमें प्रमुख कारण भूमि स्वामी का नाम त्रुटिपूर्ण होना, भूस्वामी का प्रकार त्रुटिपूर्ण, भूमि का शासकीय होना, खाता बंद होना, पारिवारिक विवाद के कारण खाता ट्रांसफर नहीं होना, वन पट्टा फसल विवरण नहीं मिलना, पीएमएफएस सत्यापन नहीं होना पाया गया है। इस तरह की दिक्कतें पहली दफा नहीं आई है। हर साल कुछ तकनीकी दिक्कतें आती हैं, जिनका समय-सीमा में निराकरण भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में भी 1,859 किसानों का भुगतान विफल हुआ था जिसे बाद में निराकरण करके प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया।

प्रथम पेज का शेष

महिलाओं, युवाओं, किसानों के जीवन

कार्यों का ई-लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रत्येक माह की 10 तारीख को लाड़ली बहनों के खाते में पैसे डालने का कार्य सरकार कर रही है। आने वाली 10 तारीख को पुन: बहनों के खाते में राशि डाली जाएगी। प्रतिवर्ष सरकार 15 हजार करोड़ रूपए की राशि बहनों के खातों में डालेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 तारीख को ही यह घोषित किया जायेगा कि अब 21 वर्ष की बहनें भी लाड़ली बहना में शामिल होंगी।

खेतों में पहुंचे राहुल...

पहुंचे तो किसानों के बीच जाने का प्रोग्राम बना लिया और सोनीपत के ग्रामीण इलाके का रुख कर लिया। राहुल गांधी एनएच 48 से मुरथल होते हुए कुराड़ रोड से बाइपास के रास्ते गोहाना की तरफ रवाना हुए। इसके बाद वे अपने रूट से हट कर करीब 50 किलोमीटर दूर बरोदा विधानसभा क्षेत्र के गांव मदीना में सुबह करीब 6:40 बजे पहुंचे गए। वे भैंसवान-मदीना रोड पर संजय के खेत में जा पहुंचे।

कांग्रेस का मतलब लूट ...

कांग्रेस के नेता ही कर सकते हैं। दीया बुझने से पहले लपलपाता है। मोदी ने कहा- कांग्रेस का एक ही मतलब है। लूट की दुकान। झूठ का बाजार। कांग्रेस की झूठ की राजनीति का शिकार सबसे ज्यादा राजस्थान का किसान हुआ है। पिछले चुनावों में किसानों का कर्जा माफ करने का वादा किया था।

ट्रेनों के एसी चेयर ...

मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधकों को एसी सीट वाली ट्रेन के किराये में रियायत देने की शक्तियां प्रदान करने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड के आदेश में कहा गया है, ''अनुभूति और विस्टाडोम बोगियों समेत एसी सीट वाली सभी ट्रेन की एसी चेयर कार और एग्जीक्यूटिव श्रेणी में कटौती की यह योजना लागू होगी।'' रेलवे बोर्ड के आदेश में कहा गया है कि मूल किराये पर मिलने वाली रियायत अधिकतम 25 प्रतिशत तक हो सकती है।

आदित्य ठाकरे का ...

में कुछ बदलाव हो सकते हैं।' शिंदे गुट और बीजेपी के बीच अनबन के दावों पर डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने खंडन किया है और अपने बयान में कहा कि 'बीजेपी अन्य पार्टियों में फूट नहीं डालती है लेकिन उन लोगों को नहीं रोकती है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास करते हैं और साथ आना चाहते हैं।'

केजरीवाल ने व्यक्तिगत...

बाद अदालत के अंदर एवं भ्रष्टाचारियों के साथ सरोकार में भी उनका किरदार दिखा। उन्होंने कहा, भारतीय राजनीति के स्वयंभू 'कट्टर ईमानदार' (अरविंद केजरीवाल) आए दिन अपने नए रंग दिखा रहे हैं। शराब घोटाले से लेकर बिजली घोटाले तक, 'आप' के भ्रष्ट आचरण की सूची लंबी है। अब उनका एक नए प्रकार का किरदार दिख रहा है। जिसमें अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सरकारी तनख्वाह पर नियुक्त करना और उनसे सरकारी पद पर रहते हुए पार्टी का काम करवाना।

एशियाई खेलों में महिला ...

लेने के संबंध में नीति तैयार करेगा। शाह ने कहा कि बोर्ड ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के आगामी सीज़न में इम्पैक्ट प्लेयर नियम को जारी रखने का फैसला लिया है।

बंगाल पंचायत चुनाव ...

कांग्रेस-भाजपा और आईएसएफ के एक-एक कार्यकर्ता और एक निर्दलीय उम्मीदवार का पोलिंग एजेंट शामिल है। 9 जून से अब तक हिंसक घटनाओं में मरने वालों की संख्या 28 से ज्यादा हो चुकी है। हिंसा की घटनाओं को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार से भी बात की और कार्यकर्ताओं के बारे में जानकारी ली। वहीं, नंदीग्राम से भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि बंगाल जल रहा है। केंद्र को यहां राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए।

अमेरिका में भारतीय ...

लेकिन सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। इसके बाद खालिस्तानी समर्थकों और सिख फॉर जस्टिस ने पोस्टर भी जारी किए थे।

आनंद सागर की रामायण में हनुमान का किरदार निभाने वाले विक्रम मस्ताल शर्मा और प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा की संयुक्त पत्रकार वार्ता

कमलनाथ जी का छिंदवाड़ा मॉडल विकास का है, शिवराज का बुदनी मॉडल झूठी घोषणाओं का है : विक्रम मस्ताल शर्मा

भोपाल/नवप्रदेश। विकास के बडे-बडे बैनर पोस्टर देखे होंगे, विकास के बड़े-बड़े विज्ञापन, फिल्में भी देखी होगीं और आजकल विकास की बडी-बडी बातें तो आप सुन ही रहे होंगे। यदि सचमुच आपको विकास देखना है तो कमलनाथ जी के छिंदवाडा में देखिए। क्योंकि छिंदवाड़ा में विकास की बात नहीं होती, विकास करके दिखाया जाता हैं। जो प्रगति का रथ छिंदवाडा में चला है मैं माननीय कमलनाथ जी से अनुरोध करता हूं इसी प्रगति के रथ की संपूर्ण मध्यप्रदेश को आवश्यकता है और मुझे विश्वास है कि इस बार जनता कमलनाथ जी को भारी बहुमत के साथ विजय तिलक लगाएगी, ताकि प्रगति का रथ कोई रोक ना पाए।

कमलनाथ जी ने मुझसे कहा आपने छिंदवाडा देखा है तो मैंने कहा है सिर्फ सुना है पर देखा नही है, मैं जब छिंदवाडा आया तो मुझे लगा जैसें मैं किसी मेट्रो शहर में आ गया हूं। चाहे स्कूल की बात हो, चाहे अस्पताल की बात हो, आदिवासी भाई बहनों के सम्मान की बात हो, युवाओं के रोजगार की बात हो या फिर सडकें हों, हर मामले में छिंदवाड़ा सबसे आगे हैं।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि मैं बुदनी का निवासी हूं। यहीं से मुझे आगे बड़कर अभिनय करने का मौका मिला। प्रभु श्रीराम की कृपा से मुझे आनंद सागर जी की रामायण में बजरंगबली भगवान हनुमान जी की भूमिका निभाने का सौभाग्य मिला। अभी कर्नाटक चुनाव के बाद एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें हनुमान जी कह रहे थे कि कर्नाटक के बाद मैं मप्र जाकर हनुमान भक्त कमलनाथ की मदद करूंगा। उस वीडियो में हनुमान जी की भूमिका में मैं ही था। मेरे मन में प्रश्न उठा कि जब जनता की यह भावना है कि कमलनाथ जी को हनुमान जी का आशीर्वाद मिलना चाहिए तो मुझे लगा कि मैं भी कमलनाथ जी का काम देखूं। मैंने आदरणीय कमलनाथ जी के नेतृत्व में छिंदवाड़ा में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली। छिंदवाड़ा देखकर मैंने जाना कि क्षेत्र का विकास कैसे किया जाता है। जबकि मेरे गृह नगर बुदनी से 18 साल के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने आज भी बुदनी को अंधकार में रखा है। वैसे सडकें हमारे यहां भी हैं बुदनी विधानसभा में,,,, अमेरिका से अच्छी सड़कें। वहां पर टाईम्स स्क्वायर भी है न्यूयार्क का.... और बगल में वाशिंगटन डीसी भी। जिन सडकों पर गौमाता अक्सर विचरण करती रहती है।

श्री मस्ताल ने कहा कि जब आईफा अवार्ड मप्र में आ रहा था तो सारे कलाकार बहुत खुश थे। हमें लग रहा था एक नये सूरज का उदय हो रहा है, मप्र में कोई तो है जिसने हम कलाकारों के बारे में सोचा। जब मुंबई-हैदराबाद में साथी कलाकार मुझसे कहते थे कि आपके मप्र में आईफा अवार्ड हो रहा है तो सुनकर मेरा सीना गर्व से चौडा हो जाता था।

उन्होंने आगे बताया कि आईफा सिर्फ एक अवार्ड नही है, उसके माध्यम से देशभर के फिल्म डायरेक्टर, प्रोडयूसर यहां आते और करोड़ों रूपयों का मप्र में इंवेस्टमेंट करते। मप्र के पर्यटक स्थलों की सुंदरता पूरी दुनिया में फैलती और मप्र में देश-विदेश के लोग आते जिससे टूरिज्म क्षेत्र में क्रांति हो जाती। यहां के कलाकारों को इससे बहुत लाभ होता। मप्र की प्रतिभाओं को विश्व में पहचान व सम्मान मिलता। साथ ही स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियां भी बड़ती, लोगों को रोजगार मिलता। मार्च 2020 में भाजपा सरकार आयी उसके बाद आईफा अवार्ड का क्या हुआ आप सब जानते है।

श्री मस्ताल ने कहा कि मैं मां नर्मदा पर एक फिल्म बना रहा था। जब मैंने इस फिल्म की शूटिंग के लिए मां नर्मदा की यात्रा की। मैंने देखा जिस तरह से मां नर्मदा का अवैध खनन हो रहा है, ये देखकर दिल बहुत दुखी हुआ। मां नर्मदा की अस्मिता पर कुछ लोग हमला कर रहे हैं, उनका चीरहरण कर रहे हैं। लहुलुहान कर दिया है मां नर्मदा को। मां नर्मदा केवल नदी नही है वो हमारी मां है जीवनदायिनी है। पर कुछ लोग उस जीवन रेखा को मिटाने पर टिके हुए हैं।

श्री मस्ताल ने कहा कि आप सब जानते हैं बीजेपी ने एक नया एप लांच किया है जिसके बारे में अगर आप नही जानते हैं तो बताता हूं बहुत कमाल का ऐप है, जिसका नाम है ''मूकएप'' जिसका अर्थ होता है साईलेंस। जो भी व्यक्ति जन सामान्य की समस्याओं को उठाता है, उनके हित की बात करता है उसके मुंह को बंद करने का प्रयास किया जाता है चाहे वह आम व्यक्ति हो, कोई नेता हो या अभिनेता। उन्होंने बताया कि मेरे गांव में एक तालाब है जिसमें दरारें भी आ गई है और कई नहरे भी कई वर्षो से कच्ची है। मैंने जब इस बारे में संबंधित अधिकारी से कहा कि बांध की मरम्मत करा दीजिए हर वर्ष बहुत पानी बर्बाद होता है। वो पानी अगर किसान के खेत तक जाएगा, तो दो पैसे किसान के घर तक जाएंगे। कहीं ऐसा ना हो धार के कारम बांध टूटने वाली घटना हमारे यहां भी हो जाए। पर अधिकारियों ने मेरी एक नहीं सुनी। किसी ने मुझसे कहा कि सीएम हेल्पलाईन पर कॉल कर लो बड़ी योजना है, मैंने भी कॉल लगा दिया 181 पर, शिकायत एक तल से दूसरे तल, दूसरे से तीसरे तल पर जाती रही पर मेरी समस्या का निराकरण नही हुआ। मुझ पर शिकायत वापस लेने के लिए दबाव भी डाला गया। जब मैंने शिकायत वापस नही ली तो मेरे नंबर को ब्लाक कर दिया गया। मैंने इस बारे में माननीय मोदी जी को, शिवराज जी को विडियो और फोटो के साथ ट्विट किया फिर भी निराशा ही हाथ लगी।

कुछ दिनों के बाद मैंने अखबार में देखा, जिसमें लिखा हुआ था 181 सीएम हेल्पलाईन योजना में समस्याओं का निराकरण करने में सीहोर जिले को पहला स्थान मिला है। यह बुदनी का झूठ पर आधारित मॉडल है, जिसमें लोगों की आवाज दबाकर प्रथम स्थान पाओ।

कुछ दिनों के बाद मैंने फिर अखबार में एक बडा सा विज्ञापन देखा, मुझे लगता है कि विज्ञापन मेंजितना पैसा खर्च किया होगा उतने में तो हमारे बांध की मरम्मत हो जाती। पर बांध की मरम्मत करना जरूरी नहीं है विज्ञापन देना जरूरी हैं। जब सारा काम इवेंट और प्रचार से चल रहा है तो काम क्यों करनाड़ उस विज्ञापन में लिखा था, मप्र सरकार को जल संरक्षण के लिए प्रथम पुरूस्कार मिला। एक इंजन ने छापा और दूसरे इंजन ने प्रसारित कर दिया।

हाल ही में एक फिल्म आई थी आदिपुरूष, आदि थी कि संस्कृति बर्बादी थी। इस फिल्म में हमारे देवी-देवताओं का जिस प्रकार अपमान किया गया, उन्हें नीचा दिखाया गया, उसे देखकर मन बहुत दुखित हुआ और आश्चर्य इस बात पर हुआ कि जो लोग दो-दो मिनट पर झंडे और डंडे उठा लेते थे, पूरे शहर में आग लगा देते हैं, सिनेमा घरों को फूंक देते थे, वो आज चुप बैठे हैं, मूकदर्शक बन गए हैं और कुछ लोग वो हैं जो आभार के भार तले दब गए हैं। इसलिए उनकी आवाज भी नही आ रही है। पर जनता अब चुप नही बैठेगी जनता सब जान गई है।

हनुमान भक्त कमलनाथ जी ने रामपथगमन विकास की अवधारणा लाये, उसके लिए एक बडी 600 करोड की योजना बनाई, कांग्रेस की सरकार बनते ही उस पर काम भी शुरू कर दिया। वहीं भाजपा सरकार धर्म का इस्तेमाल सिर्फ अपने राजनीतिक लाभ के लिए करती है। इनके मुंह में तो राम है पर दिल में असुर। जो भगवानों के साथ छल कर सकते हैं तो इंसानों की क्या गिनती।

मैने कमलनाथ जी से अनुरोध किया कि इस सत्य के युद्ध में, इस न्याय के युद्ध में, जनता के सम्मान के युद्ध में मुझे भी अपने साथ जोड़ लीजिए। मैं इस भ्रष्ट और जनता पर अन्याय करने वाली सरकार से कहना चाहता हूं ।

संक्षिप्त समाचार

कांग्रेस विधायक बोले- भाजपा ने 45 करोड़ का ऑफर दिया

उज्जैन/नवप्रदेश। उज्जैन के बड़नगर से कांग्रेस विधायक मुरली मोरवाल का वीडियो सामने आया है। विधायक मंच से बोल रहे हैं- मुझे भारतीय जनता पार्टी ने 40 से 45 करोड़ रुपए का ऑफर दिया था। कहा था कि राज्यमंत्री का पद भी देंगे। नोटों से एक कमरा भरा जाएगा, आ जाओ, लेकिन मैंने इस ऑफर को ठुकरा दिया।

मंत्री बनाने को कहा; बीजेपी बोली- टिकट कटने के डर से खुद को सर्टिफिकेट दे रहे

कांग्रेस विधायक के इस वीडियो पर भाजपा का कहना है कि मोरवाल को इस विधानसभा चुनाव में टिकट कटने का डर है, इसलिए खुद को ईमानदारी का सर्टिफिकेट दे रहे हैं।

2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ कांग्रेस के कई विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे। तब कांग्रेस ने भाजपा पर हॉर्स ट्रेडिंग के आरोप लगाए थे। विधायक मुरली मोरवाल पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस सरकार गिरने की वजह समझा रहे थे। वीडियो 30 जून का बताया जा रहा है। विधायक कांग्रेस की मंडल और सेक्टर कमेटी की बैठक में शामिल हुए थे।

विधायक बोले- लालची लोगों ने हमारी सरकार गिरा दी

कांग्रेस विधायक मुरली मोरवाल ने मंच से कहा, बड़नगर विधानसभा में कांग्रेस पार्टी ने बड़नगर को बहुत कुछ दिया है। डेढ़ साल पहले हमारी सरकार रही, लेकिन कुछ लालची लोगों ने उसे गिरा दिया। दोस्तो, मैं आपको बताता हूं कि 40 से 45 करोड़ का मुझे भी ऑफर दिया गया था। कहा गया था कि आप को राज्यमंत्री बना देंगे। मैंने कहा कि मुझे नहीं चाहिए। मुझसे कहा गया कि कमरा नोटों से भर दिया जाएगा।

मैंने ऑफर को ठुकरा दिया। मैंने उनसे कहा कि दो कमरे भी भरा गए, तब भी मैं नहीं आऊंगा। मुझसे कहा गया कि 5 करोड़ देंगे, बात करने आ जाओ। मेरे जैसा व्यक्ति अगर भाजपा जॉइन करेगा तो यहां के कार्यकर्ताओं पर क्या बीतेगी। यहां की जनता पर क्या बीतेगी। मैंने इस ऑफर को ठुकरा दिया, मैं नहीं गया।

भाजपा ने कहा- बिना तर्क के झूठ बोल रहे विधायक

वीडियो सामने आने के बाद भोपाल के प्रदेश प्रवक्ता राजपाल सिसोदिया ने कहा, विधायक मोरवाल कांग्रेस पार्टी से दोबारा टिकट पाने के लिए कुछ भी आरोप लगा रहे हैं। अपने आप को ईमानदारी का प्रमाण पत्र देने और बिना तर्क के झूठ बोल रहे हैं। खुद का बेटा दुष्कर्म मामले फंसा था, अब टिकट कटने के डर से ऐसी बात का वीडियो वायरल करवा रहे हैं। अगर किसी ने उन्हें 45 करोड़ का ऑफर दिया था, तो तथ्य पेश करें। टिकट पाने के लिए अपने आप को ईमानदारी का सर्टिफिकेट दे रहे हैं।

पहले महेश परमार भी लगा चुके हैं आरोप

बड़नगर विधानसभा से विधायक मुरली मोरवाल से पहले तराना विधानसभा से विधायक महेश परमार भी भाजपा पर करोड़ों रुपए का ऑफर देने का आरोप लगा चुके हैं।

राजगढ़ में व्यापारी की अपहरण के बाद हत्या: व्यापारियों ने बंद कराया पचोर का बाजार

प्रशासन ने आरोपी के घर चलवाया बुलडोजर

सारंगपुर/नवप्रदेश। राजगढ़ में व्यापारी का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई। इस वारदात से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। व्यापारियों ने पचोर का बाजार बंद करा दिया। जिसके बाद प्रशासन ने मुख्य आरोपी के घर पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। पुलिस ने इस मामले में 5 लोगों को आरोपी बनाया है। इनमें से तीन को हिरासत में ले लिया है, जबकि दो आरोपी अभी भी फरार है।

मामला जिले के सारंगपुर का है। जहां शुक्रवार रात करीब 8 बजे स्कॉर्पियो सवार चार लोगों ने किराना व्यापारी राधेश्याम गुप्ता (60) को अगवा कर लिया। उनका शव शनिवार सुबह 4 बजे संडावता थाना क्षेत्र में हनुमान मंदिर के पास मिला। टीआई रामवीर सिंह परिहार मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त करवाई।

व्यापारी राधेश्याम गुप्ता पचोर के रहने वाले थे। उनकी दुकान सारंगपुर हैं। शुक्रवार रात वे दुकान बंद कर एक्टिवा से अपने घर पचोर लौट रहे थे। जब वे घर नहीं लौटे तो परिजनों और व्यापारियों ने पचोर थाने पर हंगामा कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने दो संदिग्धों को रात में ही हिरासत में लेकर पूछताछ की।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पकड़े जाने के डर से व्यापारी का गला दबाकर हत्या कर दी और शव फेंककर चले गए। पुलिस को मौके से एक मोबाइल भी मिला है। थाना प्रभारी डीपी लोहिया ने बताया कि जिस स्कॉर्पियो से अपहरण हुआ था, उसे पिपलिया रसोड़ा से जब्त किया है। स्कॉर्पियो के मालिक आकाश नायक को हिरासत में लिया है।

एक महीने पहले 10 लाख रुपए देने की मिली थी धमकी

मृतक के बेटे राजेश गुप्ता ने बताया कि एक महीने पहले पिता को 10 लाख रुपए देने की धमकी मिली थी। इसकी शिकायत हमने पचोर थाने में की थी, लेकिन कोरी धमकी की सूचना समझकर मामले पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया। जब टीआई से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरी जानकारी में ऐसा कुछ मामला नहीं है।

व्यापारियों ने पचोर नगर का बाजार बंद

किराना व्यापारी राधेश्याम गुप्ता की हत्या और शव बरामद होने की सूचना के बाद किराना व्यापारी एसोसिएशन, कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन, सराफा व्यापारी एसोसिएशन के व्यापारियों ने पूरे नगर के बाजारों को बंद रखने की अपील की है।

पांच को बनाया आरोपी, तीन को पकड़ा

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मोबाइल की डिटेल अनुसार 11 बजे आरोपी रोहित वैष्णव अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। रोहित से पूछताछ में राकेश सेन के पिता और परिजनों को रात में ही अभिरक्षा में लिया। पुलिस ने राधेश्याम का शव बरामद करने के बाद अब तक आरोपी आकाश नायक, विकास रुहेला, रोहित वैष्णव को अभिरक्षा में लिया। मुख्य आरोपी मोहित शर्मा और राकेश सेन अभी फरार है, जिसके लिए पुलिस लोकेशन के आधार पर उज्जैन गई है।

सांप के डसने से 7 वर्षीय बालक की मौत

पीएम के बाद अस्पताल से नहीं मिला वाहन; शव को ठेले से घर लेकर आया पिता

श्योपुर/नवप्रदेश। श्योपुर जिले में सर्पदंश से सात वर्षीय बालक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बाद उसके शव को घर तक पहुंचाने के लिए शव वाहन नहीं मिला। मजबूर पिता अपने कलेजे के टुकड़े का शव ठेले पर रखकर डेढ़ किलोमीटर दूर स्थित घर लेकर आया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शव के साथ चल रहे थे। यह मामला जिले के विजयपुर नगर का है। विजयपुर के किला रोड निवासी 7 वर्षीय बालक साहिल खान की मौत शुक्रवार की रात उपचार के दौरान विजयपुर अस्पताल में हो गई थी। रात भर शव पोस्टमार्टम गृह में रखा रहा। शनिवार को परिजनों को लगा कि उसके शरीर में कोई हलचल हो रही है, इस पर वह साहिल को जिंदा समझकर उसके शव को मजार और भोपाओं के पास लेकर पहुंचे। वहां भी साहिल को मृत बता दिया गया।

इंतजार के बाद भी नहीं आया शव वाहन

शाम को पोस्टमार्टम के बाद डॉक्टरों ने बालक का शव को परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिजनों ने कुछ देर तक शव वाहन आने का इंतजार किया। इधर-उधर फोन भी घुमाए लेकिन, कहीं से मदद नहीं मिली तो हाथ ठेले का इंतजाम किया। साहिल के पिता शव को ठेले पर रखकर आंखों में आंसू लिए अस्पताल से बाजार होते हुए घर पहुंचे। घर पहुंचने के बाद अंतिम क्रिया कर शव को लेकर कब्रिस्तान पहुंचकर सुपुर्द ए खाक किया।

सुश्री उमा दीदी के व्यक्तित्व विकास में स्व. श्री लोधी का योगदान महत्वपूर्ण : सीएम चौहान

मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड के गौरव स्व. श्री लोधी के पुण्य-स्मरण दिवस कार्यक्रम में दी श्रद्धांजलि

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि स्व. श्री स्वामी प्रसाद लोधी जनता के हित में मेहनत, ईमानदारी और संकल्प शक्ति के साथ कार्य करते रहे। वे जीवन के हर क्षण का सदुपयोग करते थे। उनकी स्मृतियां अनेक हैं। इन स्मृतियों से उनकी उपस्थिति हमारे बीच हमेशा सजीव बनी रहेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज रवीन्द्र भवन में बुंदेलखंड के गौरव स्व. श्री लोधी के पुण्य-स्मरण दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्व. श्री लोधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सुश्री उमा दीदी को आगे बढ़ाने और उनके व्यक्तित्व के विकास में स्व. श्री लोधी का महत्वपूर्ण योगदान है। दीदी ने भाई साहब की अंतिम वर्षो में जो सेवा की वह अद्भुत है। सुश्री उमा दीदी उनके सामने आती थी तो उनके चेहरे पर झलकने वाली प्रसन्नता सहज ही देखी जा सकती थी।

सुश्री उमा दीदी अनंत शक्तियों का भंडार हैं

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सुश्री उमा %दीदी% अनंत शक्तियों का भंडार हैं। वे जनहित में जान हथेली पर रखकर संघर्ष करती हैं। मैं उनके साथ बचपन से काम कर रहा हूँ। देश और प्रदेश की राजनीति में उनका अमूल्य योगदान है। उन्होंने कई विकास कार्यों की नींव रखी। स्व. श्री लोधी ने उसी तरह उमा दीदी का ध्यान रखा, जैसे पिता-पुत्री का ध्यान रखता है। ऐसा समर्पण दुर्लभ ही देखने को मिलता है। स्व. श्री लोधी जुझारू और जुनूनी थे। सुश्री उमा दीदी को मध्यप्रदेश के रत्न के रूप में गढ़ने वाले मनीषी स्व. श्री लोधी का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है।

स्व. श्री लोधी ने समाज के प्रत्येक वर्ग की चिंता की

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. श्री लोधी ने समाज के प्रत्येक वर्ग की चिंता की। चाहे लोधी समाज संगठन की बात हो या अन्य समुदायों के कल्याण की, वे सभी के हित में सतत् प्रत्यनशील रहते थे। बुंदेलखंड अंचल के विकास के लिए भी अथक प्रयास किये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्व. श्री लोधी के पुत्र श्री नील माधव और पुत्री सुश्री नित्या को आशीर्वाद दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 402 , कौशल्या विहार , नेपियर टाउन , 482001 से प्रकाशित, संपादक- सुशील दत्त , मो. 6262188999 (न्याय क्षेत्र जबलपुर) ।